


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित








वर्ष 12 अंक 362 E-mail: dholpur@hotmail.com | फरीदाबाद, सोमवार 13 अप्रैल 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ रुपये दिए : पीएम नरेद्र मोदी

**अब 15 साल का हिसाब देना होगा, सिलीगुड़ी की जनसभा उनकी नींद उड़ा देगी**

**नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीएमसी ने मदरसों के लिए ?6000 करोड़ दिए, लेकिन विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के शासन काल में बंगाल की बर्बादी देखी है। अब उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। उन्होंने कहा कि बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा ञ्रस्ष्ट की नींद उड़ा देगी। पीएम का आज पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने सिलीगुड़ी में जनसभा की। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।



पीएम मोदी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि टीएमसी की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने सीसीए की मदद से आपको वोटिंग की गारंटी दी है। सिलीगुड़ी कि जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दार्जिलिंग समेत उत्तर बंगाल का एक बड़ा हिस्सा चाय उत्पादक क्षेत्र है। आपकी चाय का स्वाद मुझसे बेहतर कौन जान सकता है? लेकिन आप देख रहे हैं कि निर्दयी टीएमसी सरकार चाय बागानों को भी नष्ट कर रही है। देश में एक 'टुकड़े-टुकड़े गिरोह' सक्रिय है, जिसने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बंद करने की धमकी दी है। सिलीगुड़ी में जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी सरकार से पाई-पाई का हिसाब मांग रही है। 4 मई के बाद भाजपा सरकार बनेगी और टीएमसीके लोगों को 15 साल का पल-पल का हिसाब देना पड़ेगा। पाई-पाई का हिसाब देना होगा। नॉर्थ बंगाल में टीएमसी की राजनीति हमेशा डर पैदा करने की रही है। लोगों को भयभीत रखना और उनकी उपेक्षा करना यहां आम बात है। यहां राजनीतिक हिंसा होती है, लोगों को डराया-धमकाया जाता है और नेताओं की हत्या तक करवाई जाती है।

## विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज दिमनी विधानसभा क्षेत्र में दो निर्माण कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 13 अप्रैल 2026 को दिमनी विधानसभा क्षेत्र में दो निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 12 अप्रैल को भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 8 बजे मुरैना आये। आज 13 अप्रैल को श्री तोमर दिमनी विधानसभा क्षेत्र के पंचमपुरा में प्रातः 11 बजे और जोंहा में दोपहर 01 बजे सड़कों का भूमिपूजन करेंगे। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं।



### आज अम्बाह जायेंगे विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर

नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा पचासा ग्राउण्ड में संभाग केसरी दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए नपाध्यक्ष अंजलि-जिनेश जैन ने सभी खेल प्रेमियों से उपस्थित रहने की अपील की है।

## प्रदेश में बेटियों और बहनों के विकास से ही होगा समग्र विकास : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपये

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बेटियों और बहनों के विकास के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा है। अब लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संसद की विशेष तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हमारी सरकार अब तक लाड़ली बहन योजना के माध्यम से बहनों को 55 हजार करोड़ से अधिक राशि दे चुकी है। आज आष्टा से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मातृ सत्ता की व्यवस्था है। अब प्रदेश में हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के आष्टा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त की राशि 1836 करोड़ रुपये हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आष्टा की छात्राओं के लिए आज विशेष सौगात का दिन है। मुख्यमंत्री ने कन्या महाविद्यालय और कन्या विद्यालय में छात्रावास के साथ कन्या विद्यालय के भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों को अच्छे से अच्छी शिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगी।

## बीजेपी ने सांसदों के लिए व्हिप जारी की, 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा

### महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र, पीएम मोदी ने पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी।

सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। इससे पहल रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर समर्थन मांगा।

पीएम ने लिखा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को पूरे देश में सही मायनों में लागू किया जाए। पीमए मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है।

## पूर्व विधायक परशुराम मुदगल के चाचा के निधन पर विस अध्यक्ष श्री तोमर ने श्रद्धासुमन अर्पित किए





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर रविवार की रात्रि को मुरैना के पूर्व विधायक परशुराम मुदगल के चाचाजी श्री रंगलाल मुदगल एडवोकेट के निधन पर एम.एस. रोड स्थित उनके निवास पर पहुंचे, जहाँ श्री तोमर ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता हमीर सिंह पटेल, सोनू परमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

**नईदिल्ली।** सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।



आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रख्यात गायिका श्रीमती आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती आशा भोसले को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे सुरों और संगीत की अप्रतिम साधिका थीं। उन्होंने गायन के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा प्रदर्शित की। वे अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर की तरह बहुत योग्य और दक्ष गायिका थीं। शास्त्रीय संगीत और गायन का उन्होंने गहरा अभ्यास किया था।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आशा भोसले ने अपने गायन करियर में कई दिग्गज कलाकारों के लिए गीत गाए। जिन भी अभिनेत्रियों के लिए उन्होंने गीत गाए उनको अपने अभिनय कैरियर में अपार सफलता मिली। श्रीमती आशा भोसले को पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के जैसे बड़े अवॉर्ड मिले। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे ज्यादा गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका के रूप में स्थान मिला। आशा भोसले ऐसी गायिका थीं जिन्हें मध्यप्रदेश शासन का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान वर्ष 1989-90 के लिए भी मिल चुका है। वे मध्यप्रदेश से बहुत लगाव रखती थीं। मध्यप्रदेशवासियों से उनका निरंतर संबंध रहा।

## प्रधानमंत्री मोदी आज 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करेंगे

**भोपाल।** 13 अप्रैल को केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' आयोजित करने जा रही है। विज्ञान भवन में होने वाले इस भव्य आयोजन में प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर की चुनिंदा महिला अचीवर्स से रूबरू होंगे। मध्य प्रदेश सरकार ने भी इस कार्यक्रम को लेकर सभी संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश दिए हैं कि पंचायत स्तर तक महिलाओं को इस कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट से जोड़ा जाए। राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक, यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन-अभियान की तरह देखा जा रहा है।

## अमेरिका होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों की नाकाबंदी करेगा

### ईरान बोला- टोल देना ही पड़ेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि अमेरिकी नेवी अब होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की नाकाबंदी करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जो भी जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे रोका जाएगा और जांच की जाएगी। खास तौर पर उन जहाजों पर नजर रखी जाएगी, जिन्होंने ईरान को टोल दिया है।

ट्रम्प ने कहा कि जो जहाज ईरान को गैरकानूनी टोल देंगे, उन्हें सुरक्षित रास्ता नहीं दिया जाएगा। इससे ईरान की आर्थिक ताकत कम की जाएगी। अमेरिका किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। जरूरत पड़ने पर युद्ध खत्म करने के लिए कार्रवाई करेगा। इससे पहले ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा था कि यह स्ट्रेट ईरान के कंट्रोल में है। उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा।




ईरान और अमेरिका के बीच कल पाकिस्तान में 21 घंटे चली शांति वार्ता बेनतीजा रही। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। इससे दुनिया के कई देशों और लोगों में डर और परेशानी बढ़ी है।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने समुद्र में बारूदी सुरंगें होने की बात कही है, जिससे जहाजों के लिए खतरा पैदा हो गया है। इसी वजह से कोई भी जहाज इस रास्ते से जाने में जोखिम नहीं लेना चाहता। उन्होंने कहा कि इससे ईरान की इमेज को नुकसान पहुंचा है और अब उसे जल्दी से यह रास्ता खोलना चाहिए। ट्रम्प ने बताया कि उन्हें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस्लामाबाद बैठक के बारे में पूरी जानकारी दी है। यह बैठक पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ की लीडरशिप में पूरी हुई। ट्रम्प ने ये भी कहा ये दोनों शानदार इंसान हैं और भारत के साथ होने वाले एक भयानक युद्ध में 3 से 5 करोड़ लोगों की जान बचाने के लिए वे लगातार मेरा आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने ने साफ कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं देगा।

## श्रद्धेय लालजी टंडन जी का व्यक्तित्व सादगी, शुचिता, संवेदनशीलता और उच्च राजनीतिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय था: स्वामी श्री अवधेशानंद जी

### स्वामी श्री अवधेशानंद जी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुआ पुस्तक 'स्मृति नाद' का भव्य लोकार्पण समारोह










**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**हरिद्वार।** रविवार को लखनऊ स्थित इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश के जनप्रिय एवं राजनेता स्व. श्री लालजी टंडन जी के संस्मरणों पर आधारित पुस्तक 'स्मृति नाद' का भव्य लोकार्पण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

यह समारोह श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज की अध्यक्षता तथा भारत के रक्षा मंत्री श्रद्धेय श्री राजनाथ सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 'स्मृतियाँ केवल अतीत का संचयन नहीं होतीं, वे भविष्य के लिए भी प्रकाश-पुंज बनती हैं। श्रद्धेय लालजी टंडन जी का व्यक्तित्व सादगी, शुचिता, संवेदनशीलता और उच्च राजनीतिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने सत्ता के शिखर पर रहते हुए भी संन्यासी-सदृश तटस्थता, विनम्रता और अखण्ड सेवा-भाव को अपने जीवन में जीवंत रखा। 'स्मृति नाद' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि एक युगपुरुष के जीवन-मूल्यों, जनसेवा, नैतिक राजनीति और राष्ट्रनिष्ठ चिन्तन की प्रेरक धरोहर है, जो वर्तमान और भावी पीढ़ियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। 'समारोह में उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, बृजलाल जी, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह जी, रामचन्द्र प्रधान जी, मुकेश शर्मा जी, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी, आनन्द द्विवेदी जी, प्रख्यात साहित्यकार यतीन्द्र मिश्रा जी, प्रभात प्रकाशन से प्रभात कुमार जी एवं डॉ. विवेक तांगड़ी जी, मुकेश शुक्ला जी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि, साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य जन गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्मिलित रहे। यह समारोह श्रद्धेय लालजी टंडन जी के लोकसेवी, मर्यादित और मूल्यनिष्ठ जीवन को समर्पित एक भावपूर्ण स्मरण बनकर उपस्थित जनसमूह के हृदय में गहरी छाप छोड़ गया।

## देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी अस्थाई संकट के बीच भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल का भंडार भी इतना है कि बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य उछाल के बावजूद सरकार ने घरेलू बाजार में तेल की कीमतों को स्थिर रखा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होने का असर सीधे जनता की जेब पर न पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क यानी कि एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है।

# जेएसजी संगिनी नारीशक्ति ने भक्तिभाव से मनाया महावीर दिव्य कल्याणक महोत्सव

## जेएसजी संगिनी नारीशक्ति ने भक्तिभाव से मनाया महावीर दिव्य कल्याणक महोत्सव -भगवान के गर्भ से लेकर वैराग्य तक की यात्रा का किया नृत्यात्मक मंचन





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर इंटरनेशनल की महिला इकाई जेएसजी संगिनी नारीशक्ति ग्वालियर' द्वारा भगवान महावीर स्वामी का दिव्य कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ इपीरियल शाह के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रिया जैन ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं ऋतु जैन एवं पूनम जैन ने मंगलाचरण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। संगिनी अध्यक्ष अनीता जैन ने स्वागत भाषण में भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश को वर्तमान समय में विश्व शांति के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

**भगवान के गर्भ से लेकर वैराग्य तक की यात्रा का नृत्यात्मक मंचन**

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान महावीर स्वामी के जीवन की यात्रा– गर्भ कल्याणक से लेकर वैराग्य तक का मनमोहक नृत्य के माध्यम से मंचन रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।

महोत्सव के दौरान विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

**प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार**

आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता में रेनू जैन ने प्रथम, ज्योति जैन ने द्वितीय तथा रीना जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खेल प्रतियोगिता में मीनू जैन विजेता रहीं। इसके साथ ही सदस्यों ने धार्मिक हाउसी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान महावीर के बाल रूप का पालना झुलाना रहा, जिसमें सदस्यों ने भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए सहभागिता की। मंच का संचालन डॉ. याशी जैन ने अपनी काव्यमयी एवं प्रभावशाली शैली में किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

समापन पर सामूहिक आरती कर प्रभावना वितरित की गई। इस अवसर पर संरक्षक सुनीता जैन एवं नविता जैन, संस्थापक अध्यक्ष सुप्रिया जैन, सह-सचिव शोभना जैन, कोषाध्यक्ष ममता जैन, डॉ. याशी जैन, सहित नीतू मोदी, संगीता कागदी, निकिता जैन, आरती जैन, अनीता जैन डैल, आकांक्षा जैन, पायल जैन एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# पूर्व छात्र सम्मेलन में ताजा हुईं पुरानी यादें, विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** माधव शिक्षा महाविद्यालय में रविवार को आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन (Alumni Meet) बड़े उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राएं एक मंच पर एकत्रित हुए और अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन के साथ हुआ। डॉ. मनीषा पाठक, वासंती आठले संत,एवं डॉ. नीतू द्विवेदी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई ।कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत बी. एड. वर्तमान छात्राओं कोमल और नंदिनी द्वारा गीत के माध्यम से किया गया। साथ ही प्राचार्य डॉ विवेक भदौरिया जी ,विभागाध्यक्ष डॉ विकास गोरे एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजकरण जी द्वारा किया गया ।अतिथि परिचय डॉ गीतांजलि बौहरे ने दिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित माधव शिक्षा महाविद्यालय शासी निकाय अध्यक्ष श्री प्रभात फाटक जी ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ,उन्होंने कहा कि यह संस्थान विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी ही मध्य भारत शिक्षा समिति ऋषि गालव नाम से एक विश्वविद्यालय की स्थापना करने जा रहा है । बी एड की पूर्व छात्र एवं पूर्व छात्र संघ की अध्यक्ष रुचि श्रीवास्तव द्वारा भरतनाट्यम विधा द्वारा एक गणेश स्तुति प्रस्तुत की गई इसी क्रम में डी एल एड वर्तमान छात्रा कशिश खटीक के पंजाबी नृत्य ने कार्यक्रम को एक अलग रोमांचक दिशा दी कार्यक्रम का संचालन कर रही बी. एड. की पूर्व छात्रा तथा पूर्व छात्र संघ की कोषाध्यक्ष हर्षिता भदौरिया ने सभी अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं और संबंधों को पुनः जीवंत करने का अवसर है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बी एड वर्तमान छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक लघु नाटिका थी जिसने कॉलेज,पढ़ाई,परीक्षा और रिजल्ट तक के समस्त अवसरों का बड़े रोमांचक तरीके से किया। इसका मंचन नंदिनी,कोमल , शुभम ,नीरज, एवं समूह ने किया ।

सम्मेलन में उपस्थित पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संस्थान से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन को दिशा प्रदान की। कई प्रतिभागियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासन को अपनी सफलता का आधार बताया।

कार्यक्रम में एक लघु नाटिका 'वो दिन भी क्या दिन थे' का भी मंचन डी एल एड की वर्तमान छात्राओं प्राणाधिक ,प्रियंका,रिजा,अंजू तथा स्नेहा द्वारा किया गया। जिसने सभी को भावुक कर दिया और हंसी-खुशी के साथ पुरानी यादों को ताजा कर दिया। वर्तमान छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूर्व छात्रों से प्रेरणा प्राप्त की। बी एड की पूर्व छात्रा जया ने बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी ,शिक्षकों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में माधव शिक्षा महाविद्यालय शासी निकाय के सदस्यों डॉ रविकांत अदालतवाले तथा डॉ योजना शुक्ला के साथ समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने संस्थान से जुड़े रहेंगे और समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी संबंधों को मजबूत बनाए रखेंगे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ श्याम मोहन शर्मा जी संचालक पूर्व छात्र संघ द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया अंत में सभी ने वंदे मातरम के गायन के पश्चात प्रस्थान किया।

# वैश्य महासम्मेलन अंबाह का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## विजय गुप्ता के नेतृत्व में नई टीम ने संभाली कमान, समाज सेवा का लिया संकल्प





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** वैश्य महासम्मेलन अंबाह इकाई का शपथ ग्रहण एवं मिलन समारोह जैन बगीची में गरिमामय वातावरण में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुधीर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला एवं संभाग के अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अपने प्रभावी उद्बोधन में सुधीर अग्रवाल ने कहा कि 'कार्य मायने रखता है, पद नहीं।' उन्होंने वैश्य महासम्मेलन को देश का एक मजबूत और प्रभावशाली संगठन बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य समाज को एकजुट करना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें।

इसके पश्चात स्थानीय अध्यक्ष विजय गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अब समय केवल पद ग्रहण करने का नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करने का है। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी एकता और सक्रियता में निहित होती है। यदि सभी सदस्य मिलकर जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने अंबाह क्षेत्र में संगठन के विस्तार की योजना साझा करते हुए कहा कि हर मोहल्ले और हर वर्ग तक संगठन की पहुंच बनाई जाएगी, ताकि कोई भी वैश्य परिवार इससे अछूता न रहे। उन्होंने युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया। महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अंजलि गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा ही संगठन की पहचान है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज सशक्त बनता है। उन्होंने महिलाओं से आगे आकर सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

इसके बाद युवा इकाई अध्यक्ष भरत जैन 'चीकू' ने युवाओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि यदि युवा आगे आएंगे, तो संगठन नई ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि जिनेश जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की मजबूती उसकी एकता में निहित होती है। उन्होंने कहा कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक हमारी आवाज प्रभावी नहीं बन पाएगी।

समारोह के दौरान स्थानीय इकाई के अध्यक्ष विजय गुप्ता, महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती अंजलि मोहन गुप्ता एवं युवा इकाई अध्यक्ष भरत जैन 'चीकू' ने अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ विधिवत शपथ ग्रहण की। सभी ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रतिभाओं एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही संगठन की आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें युवाओं को जोड़ने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों के लिए सहयोग कोष बनाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कार्यक्रम का संचालन संतोष वर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। अंत में अध्यक्ष विजय गुप्ता ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि नई टीम समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

# अहलूवालिया बोर्ड के गठन और जस्सा सिंह अहलूवालिया की प्रतिमा की स्थापना का अनुरोध





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से अहलूवालिया बोर्ड के गठन व जस्स सिंह की प्रतिमा स्थापना की मांग की गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि हम आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि आज मोहाली के सेक्टर 71 स्थित मकान संख्या 1106 में अहलूवालिया समुदाय की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिख इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में अपने अमूल्य योगदान से पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले आदरणीय और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया की उल्लेखनीय विरासत को याद किया गया। इस बैठक में पंजाब भर से लगभग 200 गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विचार-विमर्श के दौरान अहलूवालिया समुदाय के कल्याण, प्रतिनिधित्व और सांस्कृतिक संरक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि अहलूवालिया बोर्ड की स्थापना की तत्काल और वास्तविक आवश्यकता है। ऐसा निकाय समुदाय की चिंताओं को दूर करने, एकता को बढ़ावा देने और सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया की अमूल्य विरासत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक सुव्यवस्थित मंच के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, इस महत्वपूर्ण अवसर पर, हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि मोहाली स्थित एयरपोर्ट रोड पर सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार करें। यह प्रतिमा उनके असाधारण योगदान के लिए एक चिरस्थायी श्रद्धांजलि होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनेगी। हमें पूरी उम्मीद है कि आप हमारे अनुरोधों पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करेंगे। अहलूवालिया समुदाय इस संबंध में आपके सहयोग और नेतृत्व की हार्दिक सराहना करेगा। इस अवसर पर जे.जे. सिंह अहलूवालिया (अध्यक्ष), सुमनदीप सिंह अहलूवालिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), हरविंदर सिंह अहलूवालिया (महासचिव/अध्यक्ष), उपिंदर कौर अहलूवालिया (उपाध्यक्ष), संजीव जायसवाल, राकेश जायसवाल, रशन सिंह अहलुवालिया, जगतार सिंह अहलुवालिया, रमेश अहलुवालिया, अंगदवीर सिंह अहलुवालिया, गगनदीप सिंह अहलुवालिया (चेयरपर्सन खादी बोर्ड पंजाब), राकेश अहलुवालिया, सनी अहलुवालिया, बबला वालिया (मेयर चंडीगढ़), अमित वालिया, प्रदीप वालिया आदि मौजूद थे।

# शिवहरे जायसवाल विकास मंच ने किया भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री नितेश शिवहरे का स्वागत

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**आगरा।** रविवार को शिवहरे जायसवाल विकास मंच द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त महामंत्री नितेश शिवहरे का स्वागत जितेन्द्र शिवहरे की अध्यक्षता में फूल मालाओं के साथ साफ़ा पहनाकर, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का चित्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश का समग्र विकास किया है। यहां की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में आपेक्षित विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश में माफिया व गुंडाराज लगभग समाप्त हो चुका है। अब यहां पर कोई माफिया या गुंडा नहीं है। जो भी व्यक्ति यहां कानून के दायरे से बाहर जाने का प्रयास करेगा उसे कानून के हिसाब से दण्डित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों ने यहां आकर मेरा सम्मान किया इसके लिए मैं आपका सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी का सहयोग मुझे इसी तरह से मिलता रहेगा ऐसी मुझे आशा है।



इस अवसर पर विकास शिवहरे, सरजू भाई काके, अनुराग गुप्ता एडवोकेट, अंकित गुप्ता, विकास गुप्ता विक्की, सरजू गुप्ता, रवींद्र गुप्ता, लवकेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, रोशन शिवहरे, कन्हैया लाल जयसवाल, कुलदीप शिवहरे आदि लोग उपस्थित रहे।

# अहलूवालिया दम्पत्ति को शादी की वर्षगाँठ पर शुभकामनायें दीं





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**पटियाला।** भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा के पटियाला पंजाब से कर्मठ सदस्य सरदार हरविंद्र सिंह अहलूवालिया एवं श्रीमती परमिंदर कौर अहलूवालिया के घर जाकर दोनों के शादी की 35वीं शादी की सालगिरह पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजीव जायसवाल और अमित जायसवाल ने बधाई और सुखी दाम्पत्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आपका दाम्पत्य जीवन सुखद और दीर्घ रहे ऐसी हम कामना करते हैं।

# आनंद नगर में भारतीय योग संस्थान द्वारा शंख प्रक्षालन शिविर आयोजित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** भारतीय योग संस्थान उत्तर जिला ग्वालियर द्वारा रविवार, 12 अप्रैल को ब्रिलिएंट स्टार हायर सेकेंडरी स्कूल, ए-ब्लॉक आनंद नगर में शंख प्रक्षालन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योग केंद्रों से आए लगभग 80 साधक एवं साधिकाओं ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य लोगों को योगिक जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।



कार्यक्रम के दौरान संस्थान के जिला प्रधान अनंत कुमार सरकार ने शंख प्रक्षालन क्रिया के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'शंख' का अर्थ पेट और 'प्रक्षालन' का अर्थ धोना होता है। जिस प्रकार शंख में पानी डालकर उसे साफ किया जाता है, उसी प्रकार इस योग क्रिया के माध्यम से पेट और आंतों की सफाई की जाती है। यह प्रक्रिया शरीर के आंतरिक शुद्धिकरण का प्रभावी माध्यम है, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर हल्का एवं ऊर्जावान महसूस करता है।

उन्होंने आगे बताया कि शंख प्रक्षालन करने से वात, पित्त और कफ जैसे दोषों में संतुलन आता है, जिससे कई प्रकार की बीमारियों से राहत मिलती है। यह क्रिया नियमित अभ्यास और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में की जाए तो शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है।

केन्द्र प्रमुख कैलाश सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए वर्ष में कम से कम दो बार शंख प्रक्षालन क्रिया अवश्य करनी चाहिए। इससे शरीर की आंतरिक सफाई होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय योग संस्थान 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर आधारित संस्था है, जो निस्वार्थ सेवा, योगिक जीवनशैली और धर्म-जाति से परे रहकर लोगों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।

शिविर के सफल आयोजन में आनंद प्रकाश शुक्ला, शिवदत्त भारद्वाज, राजाराम वर्मा, सरदार आजाद सिंह, मनोज सक्सैना, सतीश जादौन, विजय साद, दिनेश गुप्ता, निर्मला निगम, ज्योति परमार, उमा गर्ग एवं रंजना साद सहित अनेक साधकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया।

# अम्बाह में 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** भारत रत्न से सम्मानित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को अंबाह में पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी। इस संबंध में अटल पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य कार्यक्रम जग्गा रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इस दौरान उनके जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया जाएगा। उपस्थित जन उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता और समानता का संदेश भी देंगे।



आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि जयंती के अवसर पर बाबा साहब के जीवन पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें गीत, कविता पाठ और संगोष्ठी प्रमुख आकर्षण होंगे। संगोष्ठी में वक्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे और उनके प्रेरणादायक संदेश– 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो '–की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण दोपहर 12 बजे निकलने वाला विशाल चल समारोह होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा। यह चल समारोह पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुनः अंबेडकर पार्क पहुंचेगा, जहां इसका समापन होगा। समापन अवसर पर पुनः बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनकी जयंती केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और एकता का पर्व है।

# मौसम होने लगा गरम, 8 दिन बाद पारा 36 डिग्री पार

**- केवल तीन से चार दिन में पांच अंक तापमान का हो गया इजाफा**

**- अब अप्रैल के तीसरे सप्ताह में असहनीय गर्मी के संकेत**

**ग्वालियर।** आठ दिन बाद ग्वालियर का तापमान 36 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। इसके साथ ही ग्वालियर का मौसम गरम होने लगा है। केवल तीन दिन में पांच अंक अधिकतम तापमान का इजाफा हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान भी लगातार ऊपर छलांग लगा रहा है। हालांकि रविवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ है। ज्ञात हो कि अप्रैल माह के 12 दिनों में 11 दिन अधिकतम तापमान सामान्य से मायनस में आंके गये है।

स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ



के चलते मौसम में काफी ठंडक घुल गई थी और दिन के तापमान ने गोता लगा दिया था। लेकिन धीरे धीरे अब मौसम सामान्य होने लगा है। आसमान से बादल गायब हो गये है। उधर धूप सिर चढ़कर बोलने लगी है। बीते दिन शनिवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। जबकि रविवार को 0.3 अंक बढ़कर दिन का तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस मायनस में आंका गया। इसी तरह बीते दिन शनिवार को न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि रविवार को 0.9 अंक बढ़कर न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस मायनस में आंका गया। रविवार को सुबह की आर्दता 56 प्रतिशत तथा शाम की आर्दता 31 प्रतिशत आंकी गई। भोपाल मौसम वैज्ञानिक डी अरूण शर्मा ने बताया कि मौसम शुष्क होने लगा है। 15 अप्रैल के बाद दिन के साथ साथ रात के तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज होगी। जिससे असहनीय गर्मी का अहसास होगा। दोपहर के 4 घंटे तक सीधे धूप में जाने से बचें और सिर ढंककर रखें। समय समय पर पानी भी खूब पियें।

# ट्रेनों में चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय चोर गिरोह बर्स्ट, चार सदस्य गिरफ्तार

**- चोर खासकर महिलाओं को बनाते था निशाना, 16 मंगलसूत्र बरामद**

**ग्वालियर।** जीआरपी पुलिस ने रेल यात्रियों, विशेषकर महिलाओं को निशाना बनाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 16 सोने के मंगलसूत्र बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल के निर्देशन में जीआरपी थाना ग्वालियर द्वारा की गई। जांच में सामने आया कि यह गिरोह ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों, खासकर महिलाओं को अपना निशाना बनाता था। आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर बड़ी सफाई से मंगलसूत्र और



अन्य जेवरात चोरी कर लेते थे और अगली स्टेशन पर उतरकर फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार, 4 मार्च को एक महिला यात्री ने अपने मंगलसूत्र चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 17 मार्च को एक अन्य यात्री के साथ भी इसी तरह की घटना सामने आई। दोनों घटनाओं में समानता मिलने पर पुलिस को गिरोह के सक्रिय होने का संदेह हुआ, जिसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई।

9 अप्रैल को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में रंजीत, सचिन, सुनील और विश्वदीप शामिल हैं, जो अलग-अलग जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेनों में जेवरात चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के कब्जे से बरामद 16 मंगलसूत्र और सोने के मोती जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस यह भी पता लगाया जा रहा है कि गिरोह के अन्य सदस्य और किन-किन वारदातों में शामिल रहे हैं।

# ऑटो चालक ने 2 लाख के जेवरों से भरा बैग लौटाया, पुलिस ने किया सम्मान

**ग्वालियर।** झांसी रोड थाना क्षेत्र में ईमानदारी का एक सराहनीय मामला सामने आया है। एक ऑटो चालक ने सवारी का ऑटो में छूटा बैग वापस कर दिया, जिसमें सोने-चांदी के जेवर रखे थे। बैग मिलने पर मालिक ने राहत की सांस ली। वहीं थाना प्रभारी शक्ति सिंह ने ऑटो चालक की सराहना करते हुए उसे 500 रुपए का नगद इनाम भी दिया।

बड़ा गांव निवासी देवेंद्र पवैया अपने परिवार के साथ शनिवार को नरवर जाने के लिए चंद्रबदनी नाका बस स्टैंड पहुंचे थे। बस पकड़ने की जल्दबाजी में वह अपना बैग ऑटो में ही भूल गए। कुछ देर बाद जब उन्हें बैग के गायब होने का एहसास हुआ तो वे परेशान हो गए और यात्रा छोड़कर ऑटो चालक की तलाश में जुट गए।



आटो चालक के नहीं मिलने पर देवेंद्र पवैया झांसी रोड थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें संबंधित ऑटो नजर आया। इसके आधार पर ऑटो का नंबर और चालक का मोबाइल नंबर मिल गया।

पुलिस के फोन पर ऑटो चालक ने अपना नाम राजू बताया और कहा कि बैग उसकी ऑटो में ही छूट गया था। उसने बताया कि वह यात्रियों को ढूंढने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के बुलाने पर वह तुरंत बैग लेकर थाने पहुंच गया। थाने में बैग खोलकर देखा गया तो उसमें रखा सभी सामान सुरक्षित मिला। बैग में करीब 2 लाख रुपए से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवर थे, जो पूरी तरह सुरक्षित थे। ऑटो चालक ने बताया कि उसने बस स्टैंड और बड़ा गांव में यात्रियों को खोजने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मिले। बाद में पुलिस का फोन आने पर वह बैग लेकर थाने पहुंच गया। उसकी ईमानदारी से प्रभावित होकर थाना प्रभारी ने 500 रुपए का नगद इनाम देकर उसका सम्मान किया।

# मोबाइल पर हुई कहासुनी के बाद पिता पुत्रों ने की फायरिंग

**ग्वालियर।** मामूली विवाद पर युवक से मोबाइल पर हुई गाली गलौज के बाद घर आकर पिता-पुत्रों ने फायरिंग कर दी। घटना उटीला थाना क्षेत्र के बंधा रोड पर शनिवार रात की है। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बेटे फरार हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। हमलावर और फरियादी आपस मे रिश्तेदार हैं। इनके बीच किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसडीओपी बेहट मनीष यादव ने बताया कि विकास पाराशर का तीन दिन पहले त्यागी नगर मुरार में अनुज पाठक और संजीव से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस वक्त इन्होंने विकास की मारपीट की थी। इसी रंजिश को लेकर अनुज और संजीव अपने पिता बृजमोहन व कुछ साथियों के साथ चार पहिया वाहन में सवार होकर विकास के घर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक कई फायर किए। अचानक गोली चलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। विकास ने तुरंत ही पुलिस को खबर दी। जब तक पुलिस वहां पहुंची हमलावर भाग गए थे। घटना की शिकायत दर्ज कर पुलिस ने मीरा नगर से वारदात में शामिल बृजमोहन पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अनुज व संजीव अभी फरार हैं और पुलिस की दो पार्टी उनकी तलाश में दबिश दे रही है। जिस तरह बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, उससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया था और जिसे जहां पर जगह मिली वहां पर छिप कर जान बचाई थी। अभी भी आरोपी फरार होने के कारण लोग दहशत में हैं कि आरोपी पुनः न आकर फायरिंग न कर दें। वारदात के बाद पुलिस जब आरोपियों के घर दबिश देने पहुंची तो बच्चों सहित सभी पुरूष गायब हैं, अभी घर में सिर्फमहिलाएं हैं और पुलिस उनके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

# खाना बनाने में हुई देरी हुई तो बेटे ने मां को मारा चाकू

**ग्वालियर।** खाना बनाने में मां लेट हुई तो बेटे ने गाली-गलौज करना शुरू कर दी है। जब मां ने इसका विरोध किया तो बेटे ने चाकू से मां पर हमला कर दिया। समय रहते वह अपने स्थान से हट गई और चाकू उनके हाथ में लगा। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सदाशिव नगर गौरी शंकर स्कूल के पास की है। घटना के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सदाशिव नगर स्थित गौरीशंकर स्कूल के पास रहने वाली पचास वर्षीय नूतन झा पत्नी धनेन्द्र झा गृहिणी है और शनिवार की रात साढ़े 11 बजे नूतन घर का काम कर रही थी। तभी उनका बेटा रंदीप कुमार आया और आते ही खाना देने को कहा तो नूतन ने गर्म चपाती सेंकने को बोला, इस पर नाराज बेटे ने उनसे गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बेटे ने पास ही रखा चाकू उठाकर मां पर वार करना शुरू कर दिया, इसी बीच एक चाकू मां के हाथ में लगा। चाकू लगने से महिला के हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए भर्ती करा दिया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

**निगम कर्मचारी को चाकू मारने वालों पर मामला दर्ज**

ग्वालियर थाना क्षेत्र के कपूर बाबा दरगाह के पास छोटा बाजार में निगम कर्मचारी को चाकू मारने वाले अज्ञात हमलावरों के खिलाफपुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दो दिन पहले निगम कर्मचारी धर्मेन्द्र बालुआ को बाइक से आए तीन बदमाशों ने चाकू मारा था। गंभीर हालत में होने के चलते उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया था।

# ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाला दस हजार का इनामी दबोचा

**ग्वालियर।** हत्या के प्रयास, अपहरण सहित अन्य मामलों में फरार दस हजार रुपए के इनामी को हजीरा थाना पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ करना शुरू कर दिया है। आरोपी ने कुछ दिन पहले मामूली कहा-सुनी पर पड़ोसी को दौड़ा-दौड़ा कर फायरिंग की थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि कुछ दिन पहले हजीरा थाना क्षेत्र के चंदनपुर में विजय पंडित ने मामूली विवाद पर अपने साथियों के साथ मिलकर आशीष चौहान पुत्र अशोक सिंह चौहान पर राइफल से फायरिंग की थी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। इसके बाद से ही हजीरा थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर उसकी तलाश में लगे हुए थे। रविवार को उसके आने का पता चला तो पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह राइफल लेकर फरियादी पर ताबड़तोड़ फायरिंग करता हुआ कैद हुआ था। इस मामले में विजय के साथ ही श्यामू पंडित और पप्पू शर्मा पर भी मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद विजय पंडित पर एक युवक को अगवा कर जान से मारने का मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

**हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार**

महाराजपुरा थाना पुलिस ने अपहरण, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में फरार एक आरोपी को डीडी नगर इलाके से पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस थाने ले आई है और उससे पूछताछ में जुट गई है। टीआई महाराजपुरा यशवंत गोयल ने बताया कि सूचना मिली थी कि गवाही से रोकने के लिए गौरव यादव पुत्र जण्डेल यादव को अगवा कर उसे जान से मारने के लिए गोली मारने वाला आरोपी टिन्नू सिकरवार डीडी नगर इलाके में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ दबिश दी और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि गौरव यादव अपने भाइयों के साथ बैठा हुआ था। तभी एक कार से शिवम तोमर व रणवीर चौहान आए और जबरन उसे कार में डालकर ले गए। इसके बाद विजय पंडित, हेमू सिकरवार और टिन्नू सिकरवार भी आ गए और उसकी मारपीट कर उसे जान से मारने के इरादे से गोली चलाई थी। जो उसके नीचे बैठने पर सिर के ऊपर से निकल गई। इसके बाद आरोपी उसे धमकी देकर गए थे कि अगर गवाही दी तो उसे जान से मार देंगे।

# हार्डवेयर कारोबारी के गोदाम से चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो चोर पकड़े

**ग्वालियर।** हार्डवेयर कारोबारी के गोदाम में सेंध लगाकर लाखों का माल पार करने वाले दो चोरों को थाटीपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ लिया है। पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी का काफी माल बरामद कर लिया है। पकड़े गए चोरों में एक नाबालिग और एक बालिग है। अब पुलिस पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर पता लगा रही है, कि उन्होंने इसके अलावा कहां-कहां पर वारदातों को अंजाम दिया है।

सीएसपी मुरार अतुल सोनी ने बताया कि थाटीपुर शकुन्तलापुरी निवासी 32 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र अनिल कुमार काकोरिया व्यवसायी हैं और उनकी नाइन टू नाइन मायकेयर नाम से सेनेटरी स्टोर की शॉप है। जिसमें उनके पार्टनर पवन जैन हैं। दो दिन पहले गोदाम का ताला तोडकर चोर अंदर पहुंचे और फिर दीवार में सेंध लगाकर करीब साढ़े तीन लाख रुपए का माल चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल की तो चोरों के फुटेज मिले थे। जिसके आधार पर उनकी तलाश की जिम्मेदारी एसआई कमल किशोर पाराशर को दी। इसके बाद से ही पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी। सुबह सूचना मिली थी कि जिस चोर की फुटेज से पुलिस तलाश कर रही है, वह अंबेडकर पार्क के पास खड़ा है। इसका पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदेही को पकड़ लाई। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पकड़ा गया चोर नाबालिग है। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके साथी कालू जाटव को पकड़ लिया और उनसे चोरी का माल बरामद कर लिया है।

**सट्टा लगवाते सटोरिया दबोचा**

**ग्वालियर।** सट्टा लगवाते एक सटोरिए को पुरानी छावनी थाना पुलिस ने सम्राट मैरिज गार्डन के पास से दबोचा है। पकड़े गए सटोरिए से पुलिस ने सट्टा पर्ची के साथ नकदी बरामद की है। पुलिस पकड़े गए सटोरिए से पूछताछ कर रही है। पुरानी छावनी थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि सम्राट मैरिज गार्डन के पास एक सटोरिया सट्टा लगवा रहा है। इसका पता चलते ही एएसआई पूरन सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक कमल वर्मा के साथ पुलिस टीम को रवाना कर सटोरिए को पकडने पहुंचाया। पुलिस ने मौके से सटोरिए महेश कुशवाह पुत्र पातीराम कुशवाह निवासी भोई मोहल्ला को दबोच लिया है। पुलिस पकड़े गए सटोरिए से पूछताछ कर रही है।

# मानसिक आरोग्यशाला संचालक की गठित समिति से संघ असहमत

**- 20 अप्रैल को कोर्ट में उपस्थित होकर याचिक दायर करने की तैयारी**

**ग्वालियर।** सर्वमानव कल्याण महासंघ के बैनर तले बीते दिनों ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला के संचालक पर लगाये गये भ्रष्टाचार, भेदभाव और अनियमितता जैसी कई शिकायतें को लेकर आगामी 20 अप्रैल को कोर्ट में जाने की तैयारी है। उधर मेंटल हास्पीटल के संचालक ने अपनी शिकायत की अपने ही द्वारा चहेते अधीनस्थों की देखरेख में जांच हेतु समिति का गठन कर लिया है। सात दिन में अभिमत सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट




प्रस्तुत करने के लिये लिखा है। जांच समिति में सह प्राध्यापक मनोरोग डा. अमन किशोर और लेखाधिकारी को शामिल किया गया है।

सर्वमानव कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानुप्रताप चौरसिया का कहना है कि स्वयं अपनी जांच के लिये समिति का गठन कैसे कर सकता है। संगठन इस जांच समिति को लेकर सहमत नहीं है। वह अपनी लंबित मांगों को लेकर आगामी 20 अप्रैलको कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। जब तक फरियादी डार्क रूम सहायक आलोक सिंह सैनी को दोनों वेतनवृद्धि नहीं मिल जाती और घूंस के बदले में दिये गये 75 हजार रूपये का हिसाब नहीं मिल जाता तब तक संघटन के द्वारा न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। डार्क रूम सहायक श्री सैनी को मानसिक आरोग्यशाला में पदस्थ हुये 25 साल हो गये और वेतनवृद्धि एरियर का भुगतान सालों से लंबित है। जबकि वह न्यूरोलाजी पेशेंट है। समयमान, वेतनमान, एरियर आदि मांग को लेकर 20 अप्रैल को याचिका दायर की जायेगी।

# बाबा साहब की 16 प्रतिमाओं पर विधायक डॉ. सिकरवार आज करेंगे माल्यार्पण

**- 5100 वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों का होगा सम्मान, फूलबाग में होगा 1 लाख लोगों का समता भोज**

**ग्वालियर।** कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार 13 अप्रैल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 स्थानों पर स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात सभी स्थानों पर 5100 वरिष्ठजनों का पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल व वस्त्र भेंट कर सम्मान कार्यक्रम एवं समता भोज का भी आयोजन किया गया है।

विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने बताया कि बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के



16 स्थानों पर जहां बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है, वहां सभी स्थानों पर अलग-अलग समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया जायेगा, उसके पश्चात अलग-अलग स्थानों पर कुल 5100 वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों को पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया जायेगा और सभी स्थानों पर समता भोज का भी आयोजन किया गया है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि अगले दिन 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर अम्बेडकर पार्क फूलबाग में 1 लाख लोगों के लिये समता भोज का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से शुरू होकर देर रात्रि तक होगा। बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम की तैयारियां जोरशोर से चल रही है एवं 13 अप्रैल की रात तक सभी तैयारियां पूरी जायेगी।

# सभी कार्यालय प्रमुख शासकीय सेवकों को स्व-गणना के लिये प्रोत्साहित करें: कलेक्टर

**ग्वालियर ।** सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों को स्वगणना करने के लिये प्रोत्साहित करें। मौजूदा माह में अधीनस्थ शासकीय सेवकों से 16 से 30 अप्रैल के दौरान सेल्फइनुमरेशन पोर्टल पर जनगणना संबंधी जानकारी भरने की प्रक्रिया में पारंगत कराया जाए। यह निर्देश रविवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि जनगणना में शासकीय सेवकों की सक्रिय भागीदारी एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगी। इससे व्यापक जन सहभागिता



को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय महत्व का यह कार्य कुशल, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सकेगा। ज्ञात हो भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य किया जायेगा। मध्यप्रदेश में 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा। इस चरण का उद्देश्य द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना के लिये मास्टर फ्रेम तैयार करना है। जनगणना के द्वितीय चरण का काम फरवरी 2027 में होगा।

देश में पहली बार डिजिटल रूप से जनगणना होने जा रही है। साथ ही देश में पहली बार स्व-गणना का अवसर भी लोगों को दिया गया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। प्रथम चरण में प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा स्वतरू ही मोबाइल एप पर 34 बिंदुओं में भरी गई जानकारी की जांच कर सत्यापन भी करेंगे।

# एजेंसी के बाहर से गैस सिलेंडर ले गया चोर

**ग्वालियर।** उटीला थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी की वारदात सामने आई है। शनिवार दोपहर अज्ञात चोर गैस एजेंसी के बाहर से सिलेंडर उठाकर फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी वीडियो रविवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार उटीला गांव निवासी जसवंत जाटव गैस एजेंसी पर सिलेंडर का नंबर लगाने खिड़की पर गए थे। इसी दौरान उनका इंडियन कंपनी का गैस सिलेंडर बाहर रखा हुआ था। सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहा है कि चोर मात्र 56 सेकंड में सिलेंडर उठाकर मौके से निकल गया। वारदात के दौरान आसपास कोई संदेह नहीं हुआ। जसवंत जाटव जब वापस लौटे तो उनका सिलेंडर वहां नहीं था। आसपास तलाश के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस के अनुसार अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी की पहचान की जा रही है।



# संपादकीय

## बारहवीं कक्षा के बाद सही कैरियर पाठ्यक्रम का चयनः सफलता का मार्ग

**डॉ विजय गर्ग**

बारहवीं कक्षा का पूरा होना एक छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह वह चरण है जहां किसी को अपने भविष्य के करियर की दिशा तय करनी होगी। आज उपलब्ध विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, सही पाठ्यक्रम चुनना भारी पड़ सकता है। हालाँकि, उचित मार्गदर्शन, आत्म-जागरूकता और अवसरों की समझ के साथ, छात्र सूचित निर्णय ले सकते हैं जो पूर्ण करियर की ओर ले जाते हैं। अपनी रुचियों और ताकत को समझना पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम आत्म-मूल्यांकन है। छात्रों को पाठ्यक्रम चुनने से पहले अपनी रुचियों, कौशल और योग्यता की पहचान करनी चाहिए। साथियों के दबाव या सामाजिक अपेक्षाओं की बजाय जुनून पर आधारित करियर चुनने से अक्सर दीर्घकालिक संतुष्टि और सफलता मिलती है। विज्ञान छात्रों के लिए कैरियर विकल्प विज्ञान क्षेत्र के छात्रों के पास विविध अवसर हैं। पारंपरिक पथों में इंजीनियरिंग (बी.टेक), मेडिसिन (एमबीबीएस) और फार्मेसी ( बी.फार्म) शामिल हैं। इनके अलावा, जैव प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्र भी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान, नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रम भी आशाजनक विकल्प हैं। वाणिज्य छात्रों के लिए कैरियर विकल्प वाणिज्य के छात्र बैचलर ऑफ कॉ र्स (बी.कॉम), चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) जैसे पाठ्यक्रमों का पता लगा सकते हैं। वित्त, बैंकिंग, प्रबंधन और उद्यमिता में करियर उत्कृष्ट विकास की संभावनाएं प्रदान करता है। डिजिटल बाजारों के उदय के साथ, ई-कॉमर्स और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) जैसे क्षेत्र भी विस्तार कर रहे हैं। कला/मानवता विज्ञान के छात्रों के लिए कैरियर विकल्प कला के छात्रों के पास कैरियर विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला होती है, जिसमें स्नातक कला (बीए), पत्रकारिता, कानून (एलएलबी), मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान शामिल हैं। जनसंचार, फैशन डिजाइनिंग और ललित कला जैसे रचनात्मक क्षेत्र भी रोमांचक अवसर प्रदान करते हैं। सिविल सेवा कई मानविकी छात्रों के लिए एक लोकप्रिय लक्ष्य बनी हुई है। व्यावसायिक और कौशल-आधारित पाठ्यक्रम आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में, कौशल-आधारित शिक्षा तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। डिजिटल ंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन, होटल प्रबंधन और पर्यटन के पाठ्यक्रम ज्ञान और तेजी से रोजगार प्रदान करते हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम ं को उद्योग से संबंधित कौशल प्राप्त करने में भी मदद करते हैं। कैरियर परामर्श का महत्व कैरियर परामर्शदाताओं, शिक्षकों और पेशेवरों से मार्गदर्शन प्राप्त करने से छात्रों को विभिन्न करियर पथों को समझने में मदद मिल सकती है। परामर्श सत्र, योग्यता परीक्षण और कैरियर सेमिनार निर्णय लेने में स्पष्टता और आत्मविश्वास प्रदान कर सकते हैं।प्रौद्योगिकी और उभरते करियर की भूमिका प्रौद्योगिकी कार्य के भविष्य को आकार दे रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स और क्लाउड कंप्यूटिंग में करियर की अत्यधिक मांग है। छात्रों को उद्योग के रुझानों से अवगत रहना चाहिए तथा ऐसे पाठ्यक्रम चुनना चाहिए जो भविष्य के नौकरी बाजार के अनुरूप हों।

निष्कर्ष बारहवीं कक्षा के बाद कैरियर पाठ्यक्रम चुनना सिर्फ डिग्री का चयन करना नहीं है। यह किसी के भविष्य को आकार देने के बारे में है। कोई भी विकल्प नहीं है; सही चुनाव व्यक्तिगत रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों पर निर्भर करता है। सावधानीपूर्वक योजना बनाने, निरंतर सीखने और समर्पण के साथ, छात्र अपने चुने हुए किसी भी क्षेत्र में सफल और सार्थक करियर बना सकते हैं।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# वोट के बदले खैरात या विकास की कीमत चुनावी मौसम में 1 लाख करोड़ का सवाल

> यह जो पैसा बांटा जाता है हर चुनाव से पहले, वह किसी जादुई पैसों के पेड़ से नहीं आता है। यह पैसा आता है राष्ट्र निर्माण की उन योजनाओं से जो देश में असली परिवर्तन ला सकती हैं। युद्ध के इस दौर में क्या केरल में खैरात पर सत्रह हजार करोड़ से लेकर पच्चीस हजार करोड़ रुपए खर्च करने चाहिए? असम में खैरात पर खैरात की कीमत एक हजार करोड़ रुपए से लेकर पंद्रह सौ करोड़ रुपए ह

फिर आया चुनावों का मौसम सो फिर आया मौसम खैरात बांटने का। दूसरे नजरिए से देखा जाए, तो कह सकते हैं कि मौसम है वोटों को खरीदने का। हर चुनाव में ऐसा लगता है कि राजनेताओं की खैरात का बिल और लंबा होता जा रहा है और वोट के दाम महंगे होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल पैसा अपना लगाते इस चुनावी रिश्वत पर, तो शायद एतराज मेरे जैसे लोग बिल्कुल नहीं करते, लेकिन यह पैसा जब बांटा जाता है उन राजनीतिक दलों द्वारा जिनकी सरकारें होती हैं किसी राज्य में, तो खैरात करदाताओं के पैसों से बंटती है, इसको मैं गलत भी मानती हूं और राष्ट्रविरोधी भी। यही कारण है कि मैं इसके बारे में तकरीबन हर चुनावी मौसम में लिखती हूं।

यह जो पैसा बांटा जाता है हर चुनाव से पहले, वह किसी जादुई पैसों के पेड़ से नहीं आता है। यह पैसा आता है राष्ट्र निर्माण की उन योजनाओं से जो देश में असली परिवर्तन ला सकती हैं। युद्ध के इस दौर में क्या केरल में खैरात पर सत्रह हजार करोड़ से लेकर पच्चीस हजार करोड़ रुपए खर्च करने चाहिए? असम में खैरात पर खैरात की कीमत एक हजार करोड़ रुपए से लेकर पंद्रह सौ करोड़ रुपए है। तमिलनाडु में पैंतीस हजार करोड़ रुपए से लेकर पचास हजार करोड़ रुपए खर्चे जाने का अनुमान है।

ज्यादातर यह सारा पैसा जाता है महिलाओं को महीने का जेबखर्च देने पर, छात्रों को उनकी पढ़ाई के लिए और बसों में सफर मुफ्त करने पर। यानी इस पैसे से केवल उन लोगों को लाभ होता है जिनके बैंक खातों में यह जाता है। ऊपर से इतनी थोड़ी होती है यह रकम कि न इससे कोई कारोबार शुरू किया जा सकता है और न लाभार्थियों को कोई ठोस लाभ होता है। इस युद्ध ने भारत में खास संकट इसलिए पैदा किया है कि अपने देश में ऊर्जा के तकरीबन सारे साधन हम आयात करते हैं। युद्धविराम अगर कायम नहीं रहता और युद्ध लंबा चलता है, तो विशेषज्ञों को चिंता है कि तेल-गैस के दाम और बढ़ जाएंगे और रुपए की कीमत घटती रहेगी। जिन तीन राज्यों की बात मैंने आज की है, उनका तमाम खैरात का हिसाब लगाया जाए, तो पचासी हजार करोड़ रुपए से लेकर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक करदाताओं का पैसा जा रहा है ऐसी चीजों पर, जिनसे देश को कोई फायदा नहीं होता है। फायदा होता है सिर्फ राजनीतिक दलों का और वह भी सिर्फ एक चुनाव के लिए।

उधर है हमारा सबसे बड़ा दुश्मन चीन जो मौन रह कर देख रहा है युद्ध के नजारे। ईरान का तकरीबन नब्बे फीसद तेल चीन खरीदता है और होर्मुज जलमार्ग से अभी भी उसके टैंकर जा रहे हैं इसलिए कि ईरान से उसकी गहरी दोस्ती है, लेकिन युद्ध लंबा चलने से चीन को कोई खास तकलीफ नहीं होने वाली है। इसलिए कि विशेषज्ञों का अनुमान है कि चीन की बीस फीसद ऊर्जा अब आती है सूरज और वायु से। ऊपर से वह बिजली की गाड़ियों के निर्माण में भी सबसे आगे है। अनुमान है कि कुछ श्रेणियों में जितनी बिजली की गाड़ियां यूरोप, जापान और अमेरिका में बनती हैं, उससे ज्यादा बन कर निकलती हैं चीन के कारखानों से।




भारत क्यों इतना पीछे रह गया है उन क्षेत्रों में जहां बनते हैं प्रगति लाने के महत्त्वपूर्ण औजार? क्या इसलिए कि इस नवीकरणीय ऊर्जा पर बहुत खर्चा होता है। इतने पैसे हमारी सरकारों की तिजोरी में बचते नहीं हैं जब खैरात के बिल अदा कर चुके होते हैं? पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के सरकारी ठेकेदारों ने हड़ताल पर जाने की धमकी दी इस वजह से कि सरकार उनके बिल अदा नहीं कर पा रही है।

महाराष्ट्र सरकार अपनी 'लाडली बहनों' को घर बैठे ही हर महीने पंद्रह सौ रुपए से ज्यादा देती है। इसका सालाना खर्चा करीब पचास हजार करोड़ बनता है। ऐसे में कहां से आएगा ठेकेदारों को देने के लिए पैसा? उनका कहना है कि महाराष्ट्र सरकार उनके कोई 96 हजार करोड़ रुपए देने से कतरा रही है पिछले कुछ सालों से जल जीवन मिशन और ग्रामीण विकास योजनाओं के निर्माण के लिए।

क्या बेहतर न होता अगर हमारे आला राजनेता तय करते कि खैरात पर खर्च कम कर विकास की असली योजनाओं पर निवेश किया जाए? मिसाल के तौर पर वायु और सूरज से ऊर्जा बनाने पर। इस तरह की बातें जब मैं करती हूं देश के आला अधिकारियों से, तो अक्सर जवाब देते हैं कि चीन की तुलना भारत से नहीं होनी चाहिए। एक लोकतांत्रिक देश की तुलना कैसे हो सकती है एक तानाशाही देश के साथ? तानाशाही के फायदे हैं ऐसे मामलों में जरूर, लेकिन मेरा मानना है कि हमारी नीतियां भी इतनी गलत रही हैं कि चीन विकास की दौड़ में हमसे इतना आगे भाग चुका है कि अर्थशास्त्री मानते हैं कि वह भारत से पचास साल आगे है।

चीन हमसे आगे कई क्षेत्रों में है जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता। मेरा मानना है कि विकास, तकनीक और आधुनिकता की दौड़ में भारत पीछे रह गया है कुछ इसलिए कि हमारे देश में चुनावों का मौसम हर साल आता है और कुछ इसलिए कि हमारे अर्थशास्त्रियों ने सरकारों को गलत चीजों पर पैसा खर्च करने से कभी नहीं रोका है। न ही हम मीडिया वालों ने ठीक से चौकीदारी की है, वरना बहुत पहले हमको सरकारों को सावधान कर देना चाहिए था कि हमारा पैसा वोट खरीदने पर न बर्बाद किया जाए।

अब जब अच्छे दिनों का मौसम सारी दुनिया से गायब होता दिख रहा है, तो क्या यह सही समय नहीं है कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार से थोड़ी फुर्सत निकाल कर अपने आला अधिकारियों से मिल कर पूछें कि चीन क्यों इतना आगे बढ़ गया है। यहां याद रखना यह भी जरूरी है कि 1990 तक चीन और भारत विकसित होने की इस दौड़ में बराबर चल रहे थे।

# तकनीक के दौर में अंधविश्वास का जाल, महिलाओं पर बढ़ता खतरा और समाज के सामने कड़वी सच्चाई

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि तकनीकी तरक्की और शिक्षित समाज के बढ़ते आंकड़ों के बीच देश के दूरदराज के क्षेत्रों से लेकर बड़े शहरों तक अंधविश्वास की जकड़बंदी खत्म नहीं हो रही है। एक ओर धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर महिलाओं का शोषण किया जाता है, तो दूसरी ओर मुसीबतों से छुटकारा पाने के लिए तांत्रिकों के इशारे पर मासूम बच्चों की हत्या कर दी जाती है। ऐसी घटनाओं में लालच और स्वार्थ का खेल स्पष्ट नजर आता है।

सब कुछ सही कर देने वाले वादों और दावों के जाल में लोग आसानी से फंस जाते हैं। खासकर महिलाएं अंधविश्वास के फेर में पड़कर अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालने को तैयार हो जाती हैं। कुंठित और आपराधिक मानसिकता वाले स्वयंभू बाबाओं तथा तांत्रिकों से लंबे समय तक जुड़े रहना न केवल समग्र समाज को नकारात्मक संदेश देता है, बल्कि आज के शिक्षित वर्ग की सोच एवं समझ पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।

हाल में झारखंड के हजारीबाग में एक स्तब्ध करने वाली घटना सामने आई। खबरों के मुताबिक, एक महिला ने अपने बेटे की शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से निजात पाने के लिए तांत्रिक के कहने पर अपनी बेटी की हत्या कर दी। इसी तरह एक ढोंगी बाबा द्वारा महिलाओं की व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्याएं सुलझाने के नाम पर यौन शोषण से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित हुए। यह मामला चर्चा और चिंता का गंभीर विषय है।दरअसल, अंधी आस्था के साथ शुरू होने वाला यह जालसाजी का खेल भयादोहन तक जा पहुंचता है। कई महिलाएं अपने परिवार को बताए बिना ऐसे स्वयंभू बाबाओं से मिलती हैं और घर-आंगन, बच्चों या जीवनसाथी से जुड़ी परेशानियों का हल ढूंढ़ने के फेर में इस दलदल में धंसती चली जाती हैं। कई बार तो वे ढोंगी बाबा की सच्चाई जानने के बाद भी इस जाल से बाहर नहीं निकाल पातीं। ऐसे फर्जी जुड़ावों से पनपी जद्दोजहद आगे चलकर आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। बदनामी के भय के कारण कई महिलाएं तो आत्महत्या का रास्ता तक चुन लेती हैं।हाल के वर्षों में शिक्षा, अनुसंधान और अन्य वैज्ञानिक उपलब्धियों के मोर्चे पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। बावजूद इसके कभी डायन बताकर तो कभी जादू-टोना करने के नाम पर महिलाओं की हत्या कर दी जाती है। ऐसी घटनाओं के पीछे स्पष्ट रूप से स्वार्थ साधने का व्यावहारिक खेल होता है। गौरतलब है कि इस तरह की अधिकतर घटनाओं की जांच में संपत्ति विवाद, मुखर विरोध के लिए किसी स्त्री को सबक सिखाना और शारीरिक शोषण के विरोध जैसे कारण ही सामने आते हैं। ऐसे कई मामलों की तो पुलिस में शिकायत तक नहीं की जाती। अगर शिकायत दर्ज करा भी दी जाए, तो उचित कानूनी कार्रवाई होने की संभावना बहुत कम होती है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2001 से 2023 के बीच झारखंड में डायन-बिसाही के अंधविश्वास के कारण सैकड़ों हत्याएं हुई हैं। वर्ष 2023 में देश में सबसे अधिक 22 ऐसी हत्याएं झारखंड में ही दर्ज कीं गई। यह आंकड़ा वर्ष 2022 में 11 हत्याओं से सौ फीसद अधिक है। विभिन्न रपटों के मुताबिक, झारखंड में हर वर्ष औसतन 25-30 लोग अंधविश्वास के शिकार होते हैं। पिछले वर्ष झारखंड के धनबाद में अंधविश्वास के कारण पांच महिलाओं को डायन बताकर उनसे मारपीट की गई और उन्हें गांव से निकाल दिया गया। इसके अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, ओड़ीशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अंधविश्वास की जड़ें बहुत गहरी हैं।एक ओर गांवों-कस्बों में महिलाएं अंधविश्वास की वजह से इस दलदल में उतर जाती हैं, तो दूसरी ओर शहरों-महानगरों में शिक्षित स्त्रियों का खुद इस जाल में फंसना भी एक दुखद सच है। व्यवस्थागत रूप से श्रद्धा के नाम पर फैलाए गए ऐसे ढोंग के चक्रव्यूह में महिलाओं को सोची-समझी रणनीति के तहत फंसाया जाता है, जिससे धीरे-धीरे पाखंड का एक पूरा साम्राज्य खड़ा हो जाता है। अफसोस की बात है कि पाखंडियों के षड्यंत्र में फंसी महिलाएं कई भ्रांतियों का शिकार होकर पूरी तरह अंधसमर्थन की राह पकड़ लेती हैं।

दरअसल, हमारा पूरा सामाजिक और पारिवारिक ढांचा बहुत सी समस्याओं से ग्रस्त है। इन परेशानियों को महिलाएं ही अधिक झेलती हैं और इसी कारण उन्हें भावनात्मक रूप से गुमराह करना आसान हो जाता है। अंधविश्वास की अवधारणाओं के कारण उन्हें तांत्रिकों और स्वयंभू बाबाओं के दावे हर बीमारी एवं परेशानी का हल लगते हैं। आडंबर की इस आड़ में वे आर्थिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक शोषण का शिकार हो जाती हैं

।यह बेहद चिंताजनक है कि कहीं स्त्रियां स्वयं अंधविश्वास के जाल में फंसकर अपने जीवन को मुश्किल में डाल रही हैं, तो कहीं परिवार-समाज का अंधविश्वास उनका जीवन छीन रहा है। अज्ञानता से पोषण पाती यह दिशाहीन और अतार्किक सोच आज भी एक गंभीर सामाजिक समस्या बनी हुई है। इतना ही नहीं, विज्ञान से मिली सहूलियत के बावजूद दिशाहीनता बढ़ रही है। तकनीक की बढ़ती पहुंच के दौर में आभासी दुनिया में परोसी जा रहीं श्रद्धा और विश्वास से जुड़ी भ्रामक जानकारियां भी अंधविश्वास बढ़ा रही हैं।प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रम फैलाने और कुप्रथाओं को बढ़ावा देने वाली सामग्री, वीडियो और 'रील' हर ओर छाए हुए हैं। इनमें भी बेबुनियाद बातों और चमत्कारों का दावा किया जाता है। ऐसे में वास्तविक संसार की दुखद घटनाओं से लेकर आभासी दुनिया की पूर्वाग्रही जानकारियों तक, हर मोर्चे पर सजगता आवश्यक है। महिलाओं के जीवन को मुश्किल में डालने वाली सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास के उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियानों को और व्यापक बनाने की दरकार है। साथ ही जाने-अनजाने छल-छद्म के जाल में फंसने वाली महिलाओं को भी सचेत रहने की आवश्यकता है।

# नए युग का भारत और बदलती शिक्षा

> शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से ऑनलाइन शिक्षा ने नया रूप ले लिया है। स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल सामग्री ने छात्रों के लिए सीखना आसान और दिलचस्प बना दिया ह

**डॉ. विजय गर्ग**

आज का भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई शक्ति के रूप में जाना जा रहा है। किसी भी देश की प्रगति का आधार उसकी शिक्षा प्रणाली है। 'उड़ता हुआ भारत' का सपना तभी साकार हो सकता है जब हमारी शिक्षा प्रणाली 'उड़कती' हो, अर्थात समय की हानी और अग्रगामी हो। आज भारत अपनी पुरानी परंपराओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत आज एक तेजी से विकासशील देश है, जिसे अक्सर 'उत्साही भारत' कहा जाता है। अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, उद्योग और अंतर्विषयक क्षेत्र में प्रगति ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थान दिया है। लेकिन इस उभरते भारत की असली ताकत उसकी शिक्षा प्रणाली में छिपी हुई है। यदि शिक्षा उच्च उड़ान भरती है, तो देश भी नई ऊंचाइयों को छूता है।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से ऑनलाइन शिक्षा ने नया रूप ले लिया है। स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल सामग्री ने छात्रों के लिए सीखना आसान और दिलचस्प बना दिया है। अब शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि छात्र दुनिया भर की जानकारी तक पहुंच सकते हैं।

नई शिक्षा नीति ने भी शिक्षण को अधिक लचीला और छात्र-केंद्रित बनाने का प्रयास किया है। कौशल आधारित शिक्षा, रचनात्मकता और नवविचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये परिवर्तन छात्रों को न केवल नौकरियों के लिए बल्कि जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

लेकिन इस उड़ती हुई शिक्षा के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। गांवों में अभी भी डिजिटल उपकरणों की कमी है, और शिक्षा की गुणवत्ता में असमानता भी दिखाई देती है। बहुत से बच्चे अभी भी बुनियादी सुविधाओं से दूर हैं।

यदि भारत को वास्तव में आगे बढ़ाना है, तो शिक्षा को हर कोने तक पहुंचाया जाना चाहिए।

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं है, बल्कि अच्छे नागरिक बनाने का माध्यम भी है। जब शिक्षा उच्च स्तर पर पहुंचती है, तो समाज में विचारशीलता, नैतिकता और सहयोग की भावना भी बढ़ती है।

पंजाब और शैक्षिक क्रांति यदि हम पंजाब की बात करें, तो यहां भी शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं। 'स्कूल ऑफ एमिनेन्स' जैसी पहलों ने सरकारी स्कूलों का महाराज बदल दिया है। छात्रों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं (जेई/एनआईटी) के लिए तैयार करना और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजना इस 'उड़ती हुई शिक्षा' के जीवित उदाहरण हैं। चुनौतियां और समाधान यद्यपि हम प्रगति कर रहे हैं, फिर भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं:

अमीर-गरीब का अंतरः महंगी निजी शिक्षा के कारण गरीब बच्चों के लिए उच्च शिक्षा अभी भी एक सपना है।

बुनियादी ढांचाः कई ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और बिजली की कमी डिजिटल शिक्षा के लिए एक बाधा है।

मानसिक स्वास्थ्यः परीक्षाओं का बढ़ता बोझ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, जिसके लिए शिक्षा प्रणाली में 'भावनात्मक शिक्षा' को शामिल करना अनिवार्य है।

अंत में, भारत का विकास, उड़ती हुई शिक्षा एक सुंदर सपना नहीं बल्कि वास्तविकता बन सकती है। यदि हम सभी मिलकर शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रयास करें। यही वह रास्ता है जो भारत को वास्तव में सार्वभौमिक बनाता है।

डॉ. विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब

# उथल-पुथल के दौर से गुजरती दुनिया में भारत से प्रबल उम्मीदें

> 1990 के दशक में सोवियत संघ के पतन के बाद दुनिया एकध्रुवीय हो गई, जिससे बड़े देशों की मनमानी और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की उपेक्षा बढ़ी। हालांकि वैश्विक आय बढ़ी, लेकिन अमीर–गरीब के बीच की खाई भी चौड़ी हुई। इस असमानता ने कई देशों में दक्षिणपंथी राजनीति और आर्थिक राष्ट्रवाद को जन्म दिया

**जी. एन. बाजपेयी**

दूसरे विश्व युद्ध के बाद के करीब 75 सालों तक दुनिया में शांति बने रहने की बड़ी वजह यह थी कि सभी देश नियम-आधारित व्यवस्था और मुक्त बाजार सिद्धांतों पर आधारित नवशास्त्रीय आर्थिक ढांचे से चल रहे थे। मांग व आपूर्ति का संतुलन था और संसाधनों के कुशल आवंटन से चीजें तय होती थीं। दुनिया भले ही दो गुटों में बंटी थी और कुछ बड़े देशों का दबदबा था, फिर भी संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं ने देशों के बीच मतभेदों को पाटने और विवादों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

1990 के दशक में सोवियत संघ के पतन के बाद दुनिया एकध्रुवीय हो गई, जिससे बड़े देशों की मनमानी और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की उपेक्षा बढ़ी। हालांकि वैश्विक आय बढ़ी, लेकिन अमीर-गरीब के बीच की खाई भी चौड़ी हुई। इस असमानता ने कई देशों में दक्षिणपंथी राजनीति और आर्थिक राष्ट्रवाद को जन्म दिया। इसका गहरा असर तेल या खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न देशों में दिखा। इसी माहौल ने अन्य देशों में भी ताकतवर बनने की आकांक्षा जगाई, ताकि दुनिया किसी एक के इशारे पर न चले। आज हर देश दूसरे से आगे निकलने की होड़ में है, जिससे वैश्विक शांति खतरे में पड़ गई है। हाल के समय में वर्चस्ववादी हस्तक्षेपों ने उस स्थिरता को चोट पहुंचाई है, जो आर्थिक विकास की आधारशिला होती है। इस अराजकता से मानवता को बचाने और अनिश्चितताओं को कम करने के लिए एक संतुलनकारी शक्ति की जरूरत है। मध्यम-शक्ति वाले देशों के पास यह अवसर है कि वे गठबंधन बनाकर नियम-आधारित व्यवस्था को फिर से सुदृढ़ कर वैश्विक संतुलन स्थापित करें।

भारत इस दिशा में लोकतांत्रिक 'मिडिल पावर' देशों का नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम है। इसके पांच प्रमुख कारण हैं- पहला, भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सक्रिय लोकतंत्र और तीव्रगामी अर्थव्यवस्था है। दूसरा, भारत ने सदैव संप्रभुताओं का सम्मान, आक्रामकता का विरोध और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। तीसरा, भारत की साख उसकी बहुलतावादी राजनीति, शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण, कानून के शासन और प्रभावी प्रशासनिक तंत्र पर टिकी है। चौथा, दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और हिंद-प्रशांत के बिल्कुल मध्य में स्थित होने के कारण भारत को रणनीतिक बढ़त हासिल है और पांचवां, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और तकनीकी क्षमताओं के कारण भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, डिजिटल शासन और विकास सहयोग को प्रभावित कर सकता है। मिडिल पावर देशों का नेतृत्व सहयोग, समायोजन और पारस्परिक सम्मान पर आधारित हो सकता है। भारत विकसित और विकासशील देशों के बीच एक सेतु बन सकता है। यह गठबंधन वैश्विक संस्थाओं को सशक्त और अधिक न्यायसंगत बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। भारत की कूटनीति की प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार होनी चाहिए। भारत को जी-20, ब्रिक्स और क्वाड जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय समूहों में अपनी भूमिका और सक्रिय करनी होगी। वर्तमान उथल-पुथल को देखकर दुनिया के कई देश अब चाहते हैं कि वैश्विक व्यवस्था किसी की मनमर्जी से नहीं, बल्कि तय नियमों से चले। भारत को भी चाहिए कि वह ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन, समुद्री सुरक्षा, साइबर शासन और आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाए।

आज दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़े बाजार के रूप में देखती है, लेकिन हमें इससे आगे बढ़कर अंतरिक्ष, रक्षा, विमानन, एआइ और सेमीकंडक्टर और कुशल मानव संसाधन में न सिर्फ आत्मनिर्भर बनना होगा, बल्कि इनमें निर्यात क्षमता भी बढ़ानी होगी। हमें आर्थिक कूटनीति व सॉफ्ट पावर-सांस्कृतिक विविधता, लोकतांत्रिक स्थिरता का उपयोग दुनिया का भरोसा जीतने के लिए करना चाहिए। भारत को अपने सामर्थ्य का उपयोग करते हुए स्थिर, समावेशी और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।



# संजू रोहित-कोहली के क्लब में शामिल

## 400 सिक्स वाले चौथे भारतीय, इस सीजन का पहला शतक लगाया

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 18वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेपॉक स्टेडियम में संजू सैमसन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में एंट्री ली। वे टी-20 में 400 सिक्स पूरे करने वाले चौथे भारतीय बने। उन्होंने इस सीजन का पहला शतक जड़ा। फील्डिंग में सरफराज खान ने डाइविंग कैच लेकर अक्षर पटेल को पवेलियन भेजा।



**संजू ने आईपीएल करियर का चौथा शतक लगाया**

18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर संजू सैमसन ने चौका लगाकर शतक पूरा किया। यह इस सीजन का पहला और ढ्क्क में उनका चौथा शतक रहा। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई में किसी छ्स्य बल्लेबाज का यह दूसरा शतक है। इससे पहले मुरली विजय ने 2012 के क्वालिफायर में इसी मैदान पर 113 रन बनाए थे।

**संजू के नाम 401 सिक्स**

संजू सैमसन ने टी-20 में 400 सिक्स पूरे किए। वे ऐसा करने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले रोहित शर्मा (554), विराट कोहली (441) और सूर्यकुमार यादव (442) इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं।

आयुष आईपीएल में रिटायर आउट होने वाले छठे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन (2022), अथर्व तायडे (2023), साई सुदर्शन (2023), तिलक वर्मा (2025) और डेवोन कॉनवे (2025) भी इस तरह आउट हो चुके हैं।

17वें ओवर की तीसरी गेंद पर आयुष म्हात्रे 59 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। उनकी जगह शिवम दुबे बल्लेबाजी के लिए आए।

आयुष 19 साल की उम्र से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे प्लेयर बने। उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर सिक्स लगाकर तीसरी ढ्क्क फिफ्टी पूरी की। इस मामले में वैभव सूर्यवंशी 4 अर्धशतकों के साथ टॉप पर हैं।

# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- वैशाली ने रूसी खिलाड़ी को हराया, टॉप पर बरकरार

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने साइप्रस में चल रहे फाइड चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी में एक और बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 11वें राउंड में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना को हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बरकरार हैं।

इस जीत के साथ वैशाली के 11 राउंड के बाद 7 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद खिलाड़ियों से एक अंक आगे हैं। टूर्नामेंट में अब तीन राउंड बाकी हैं।

ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा इस ड्रॉ के बाद 7वें नंबर पर ही हैं।



**गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**

पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट क्या है और क्यों अहम

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया का सबसे अहम इवेंट माना जाता है, क्योंकि यही तय करता है कि वर्ल्ड चैंपियन को अगला चैलेंजर कौन होगा। इसे वर्ल्ड चैंपियनशिप का सेमीफाइनल भी कहा जाता है। विजेता को सीधे वर्ल्ड चैंपियन से खेलने का मौका मिलता है। यह शतरंज का सबसे बड़ा क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट हर दो साल में होता है और विजेता वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देता है। ओपन कैटेगरी के विजेता का मुकाबला भारत के डी गुकेश से, जबकि विमेंस कैटेगरी की विजेता चीन की जू वेनजुन से होगा।

# गुजरात ने लगातार दूसरा आईपीएल मैच जीता, लखनऊ को 7 विकेट से हराया

### गिल-बटलर की फिफ्टी

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल -19 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने रविवार के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराया।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात ने 165 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन बनाए।

गुजरात से गिल-बटलर ने फिफ्टी लगाई 165 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात ने मिलीजुली शुरुआत की टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 52 रन ही बनाए थे। 45 रन के स्कोर साई सुदर्शन का विकेट गंवाने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने जोस बटलर के साथ मिलकर रन चेज को आसान बनाया। दोनों 58 बॉल पर 84 रन की साझेदारी की। दोनों अर्धशतक भी लगाए।

प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट झटके लखनऊ की ओर से ऐडन मार्करम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए।

गुजरात से प्रसिद्ध कृष्णा ने ऐडन मार्करम, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी को पवेलियन भेजा। अशोक शर्मा को 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा के खाते में एक-एक विकेट आया।



# खराब फॉर्म से जूझ रहे ऋषभ, 10 टी20 पारियों में सिराज ने पांचवीं बार किया लखनऊ के कप्तान का शिकार

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 19वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना गुजरात टाइटंस से हुआ। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर छोटी पारी खेलकर पवेलियन लौट गए, जिसके बाद उनके फॉर्म को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

आईपीएल के 19वें संस्करण में अब तक लखनऊ की टीम ने चार मुकाबले खेले हैं। इनमें पंत सिर्फ एक बार अर्धशतकीय पारी खेल सके हैं, जबकि तीन बार उनका निजी स्कोर 20 से भी कम रहा है। सीजन के शुरुआती मुकाबले में लखनऊ का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। इसमें पंत ने सिर्फ सात रन बनाए। उसके बाद हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने 68 रनों की नाबाद पारी खेली। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि कप्तान पंत अब ऐसी ही उपयोगी पारियां खेलेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, अगले ही मैच में कोलकाता के खिलाफ पंत सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अब गुजरात के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर खेलने उतरे पंत सिर्फ 18 रन बना पाए।

गुजरात के खिलाफ तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए आए पंत ने 11 गेंद का सामना किया और सिर्फ 18 रन बनाकर लौट गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने राहुल तेवतिया के हाथों कैच आउट कराया। यह पांचवीं बार है जब सिराज ने पंत का शिकार किया। अब तक दोनों खिलाड़ियों का 10 टी20 पारियों में आमना-सामना हुआ है। इनमें पंत ने 53 गेंदों में उनके खिलाफ 93 रन बनाए हैं। वह पांच बार सिराज का शिकार बने हैं।



## व्यापार

# ईरान-अमेरिका वार्ता बेनतीजा रहने से दबाव में बाजार, इस हफ्ते विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी

ईरान-अमेरिका वार्ता में कोई ठोस समझौता न होने से 13 अप्रैल से शुरू होने वाले हफ्ते में बाजार में तेज उतार-चढ़ाव दिख सकता है। कच्चे तेल की अस्थिर कीमतें, विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी और ग्लोबल मार्केट की चाल भी बाजार की दिशा तय करने वाले मुख्य कारण होंगे। शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता फरवरी 2021 के बाद सबसे बेहतरीन रहा। ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत से तनाव कम होने की उम्मीद में निफ्टी 6% की मजबूती के साथ 24,050 के स्तर पर बंद हुआ। अब क्या बाजार इस बढ़त को बरकरार रख पाएगा। चलिए समझते हैं...सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। यहां खरीदारी का मौका हो सकता है।




रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। रजिस्टेंस जोन पार करने पर तेजी की उम्मीद रहती है।

मिड-ईस्ट में तनाव कम करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में चल रही 21 घंटे की लंबी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि वे बिना किसी डील के वापस लौट रहे हैं। इसका सीधा असर सोमवार को बाजार और कच्चे तेल की कीमतों पर दिख सकता है। अगर क्रूड की कीमतें बढ़ती हैं, तो इससे भारतीय बाजार पर दबाव बढ़ेगा। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 95.20 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है।

**2. दिग्गज कंपनियों के नतीजे तय करेंगे दिशा**

बाजार की नजर इस हफ्ते आने वाले चौथी तिमाही के नतीजों पर भी रहेगी। बीएसई में लिस्टेड करीब 50 कंपनियां अपने नतीजे पेश करेंगी। निफ्टी की दिग्गज कंपनियों में विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के परिणाम सबसे महत्वपूर्ण होंगे।

# कोल इंडिया ने उठाया बढ़ती लागत का बोझ, ग्राहकों को कीमतों में उछाल से बचाने की कोशिश

सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने फैसला किया है कि वह बढ़ती लागत का बोझ खुद उठाएगी और कोयले की कीमतें नहीं बढ़ाएगी। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण विस्फोटकों और औद्योगिक डीजल के दाम काफी बढ़ गए हैं। विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले अमोनियम नाइट्रेट की कीमत 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इससे विस्फोटकों की औसत लागत में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है।

कोल इंडिया का कहना है कि अगर वह इन बढ़ी हुई कीमतों का बोझ ग्राहकों पर डालती है, तो इससे बिजली और अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ सकती है। कंपनी अपनी खदानों में काम करने वाले ठेकेदारों को भी डीजल की बढ़ी हुई कीमतों का मुआवजा दे रही है। लागत के दबाव के बावजूद, कोल इंडिया ने कोयले की आपूर्ति को सस्ता रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने ई-नीलामी में कोयले की आरक्षित कीमतों को कम किया है और नीलामी की संख्या बढ़ा दी है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को किफायती दरों पर ईंधन उपलब्ध कराना और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करना है।



एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की सलाहकार परिषद के सदस्य नीलकंठ मिश्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के लिए ऊर्जा क्षेत्र में सुधार करने का एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत में घरों और किसानों के लिए बिजली दुनिया में सबसे सस्ती है, लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए यह सबसे महंगी है। मिश्रा के अनुसार, भविष्य के विकास के लिए ऊर्जा का सही दाम तय करना और उसका सावधानी से इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि उद्योगों को सस्ती बिजली मिलनी चाहिए। इससे देश में रोजगार पैदा होंगे और लोग खुद अपना बिजली बिल भरने में सक्षम बनेंगे, जिससे हर जगह मुफ्त बिजली देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने 1970 के दशक के तेल संकट के बाद जापान के सुधारों का उदाहरण दिया। जापान ने अपनी ऊर्जा दक्षता को इतना बेहतर किया कि वह अब प्रति यूनिट ऊर्जा से भारत के मुकाबले चार गुना अधिक जीडीपी पैदा करता है। मिश्रा ने चेतावनी भी दी कि अगर कच्चे तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचती हैं

# खाड़ी संकटः रईस ग्राहक टाल रहे महंगी कारों की खरीदारी, देश में बिकीं रिकॉर्ड 47 लाख कारें

**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में कारों की बिक्री 13% बढ़कर रिकॉर्ड 47 लाख रही, लेकिन लग्जरी कारों की हिस्सेदारी 1% ही है। बीएमडब्ल्यू इंडिया के प्रेसिडेंट हरदीप सिंह बरार के मुताबिक पश्चिम एशिया तनाव ने खरीदारों के सेंटिमेंट को प्रभावित किया है, जिससे वे बड़ी खरीदारी टाल रहे हैं।मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी व सीईओ संतोष अय्यर ने भी माना कि वैश्विक हालात के कारण इस साल लग्जरी मार्केट फ्लैट रह सकता है। हालांकि मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 19,363 यूनिट्स की बिक्री की, जो किसी एक वित्त वर्ष का सबसे शानदार प्रदर्शन है। इससे पिछले साल 18,928 यूनिट्स बेची थी।




मर्सिडीज की इस कामयाबी के पीछे सबसे बड़ा हाथ 'टॉप-एंड लग्जरी' सेगमेंट का रहा। अमीर ग्राहकों की बढ़ती पसंद के चलते इस सेगमेंट में वित्त वर्ष 2025-26 में 16% की वृद्धि देखी गई, जबकि साल मार्च तिमाही में यह उछाल 25% तक जा पहुंचा।

लग्जरी कारों में ईवी की मांग 83% बढ़ीईंधन की कीमतें बढ़ने के डर से ग्राहक तेजी से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की ओर बढ़ रहे हैं। जनवरी-मार्च में बीएमडब्ल्यू की इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 83% उछाल के साथ 1,185 तक पहुंच गई। अब कंपनी की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 26% है। मर्सिडीज की 1.4 करोड़ रुपए से महंगी इलेक्ट्रिक कारों की मांग भी 85% बढ़ी है।

मर्सिडीज की इस कामयाबी के पीछे सबसे बड़ा हाथ 'टॉप-एंड लग्जरी' सेगमेंट का रहा। अमीर ग्राहकों की बढ़ती पसंद के चलते इस सेगमेंट में वित्त वर्ष 2025-26 में 16% की वृद्धि देखी गई, जबकि साल मार्च तिमाही में यह उछाल 25% तक जा पहुंचा।

# टॉप-10 कंपनियों में से 8 की वैल्यू 4.13 लाख-करोड़ बढ़ी

**बीते हफ्ते एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा फायदा**

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में रही तेजी के कारण देश की टॉप-10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 के मार्केट कैपिटलाइजेशन (मार्केट कैप) में कुल 4,13,003.23 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। इस बढ़त में सबसे आगे बैंकिंग सेक्टर की कंपनियां एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक रहीं।बाजार में यह उछाल कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल संकेतों के कारण देखने को मिला है। पिछले कारोबारी हफ्ते में क्स्थ्र सेंसेक्स 4,230.7 अंक यानी 5.77% की बढ़त के साथ बंद हुआ, वहीं निफ्टी में भी 1,337.5 अंक (5.88%) की तेजी रही।




**भारती एयरटेल और एसबीआई के इन्वेस्टर्स को भी फायदा**

इंफ्रास्ट्रक्चर दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो की मार्केट वैल्यू में 47,624.97 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। वहीं टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल की वैल्यू 45,873.43 करोड़ रुपए बढ़ी।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्ढ्ढ का मार्केट कैप भी 43,614.67 करोड़ रुपए बढ़कर 9.84 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है। आईटी सेक्टर की बड़ी कंपनी टीसीएस की वैल्यू में 26,303.49 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्यू में 21,287.29 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**रिलायंस और इन्फोसिस को हुआ मामूली नुकसान**

एक तरफ जहां 8 कंपनियों ने मोटा मुनाफा कमाया, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस की वैल्यू में गिरावट आई है। इन्फोसिस का मार्केट कैप 3,285.03 करोड़ रुपए घटकर 5.24 लाख करोड़ रुपए रह गया। वहीं, देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू भी 947.28 करोड़ रुपए कम हुई है। हालांकि, गिरावट के बावजूद रिलायंस 18.27 लाख करोड़ रुपए की वैल्यू के साथ देश की नंबर-1 कंपनी बनी हुई है।

# शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेः उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा





**- उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**देवास।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवास श्रीमती गायत्रीराजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, संजय दायमा, भेरूलाल अटारिया, भरत चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन अन्य अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति तथा हितग्राहीगण उपस्थित थे।

**शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई हितग्राही योजनाएं चलाई जा रही है। इन



योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके क्रियान्वयन के लिए टीमें गांव-गांव, घर-घर जाकर संपर्क करेंगी और उन अगर कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह गए हों तो उनकी भी सूची तैयार करके उन्हें हितलाभ दिया जाएगा। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण का अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, इसमें महिला आरक्षण का बिल लाया जाएगा।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में देवास जिले ने सराहनीय कार्य किया वे बधाई के पात्र हैं**

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि का लाभ बड़ी संख्या में नागरिकों मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए तक का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से बड़ी से बड़ी बीमारी का उपचार हो रहा है। संकट की घड़ी में यह योजना संबल दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब कच्चा मकान अब पक्का बन रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में जो वंचित रह गए हैं, वे अपना जुड़वाकर योजना का लाभ लें। देवास जिले में प्रशासन द्वारा योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया है। इसलिए जिला प्रशासन बधाई के पात्र है।

जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबडेकर जी का सपना था कि गरीबों का कल्याण हों। बाबा साहब के सपनों को शासन-प्रशासन द्वारा पूरा किया जा रहा है। सराकर द्वारा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

कार्यक्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबडेकर जी की जयंती के अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए सभी हितग्राहियों को बधाईयां।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकरजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने उज्जैन तिराहे स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबडेकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बाबा साहब अमर रहे के जयघोष लगाएं। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली को उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मल्हार स्मृति मंदिर में कार्यक्रम की शुरूआत के अवसर पर मां सरस्वती की पूजन-अर्चना की तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया। साथ ही कन्या पूजन किया गया।

**हितग्राहियों को हितलाभ किया गया वितरण**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' अंतर्गत योजनाओं का लाभ लेकर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एससी एवं एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को योजना का हितलाभ देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

**स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही नगरीय निकाय के स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200वीं जयंती मनाई गई

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**देवास।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस यादगार कमेटी देवास ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल,पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विनोद प्रजापति और साथियों ने अगर हो सके तो अब कोई शम्मा जलाइये गीत प्रस्तुत किया।इसके बाद अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। ज्योतिबा राव फुले के विचारों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिवांगी सिसोदिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ था जब देश में विभिन्न तरह की कुप्रथाएं चल रही थी। उस समय देश में जातिवादी सोच, छुआ छूत, पर्दा प्रथा , बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुप्रथाएं चलती थी, जिनको धर्म का नाम दिया जाता था। ज्योतिबा राव फुले ने धार्मिक कुप्रथाओं और जाति प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया। उस समय महिलाओं और तथाकथित दलित वर्ग को पढ़ने लिखने का अधिकार नहीं था। छोटी-छोटी बच्चियों का विवाह 50-60 साल के बुजुर्ग के साथ कर दिया जाता था। इन सब कुप्रथाओं के खिलाफ और विधवा पुनर्विवाह को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव ने संघर्ष किया। तथाकथित दलित जाति के लोगों का जाति के आधार पर



शोषण किया जाता था। उनको सार्वजनिक जलाशयों से पानी नहीं पीने दिया जाता था। महिला शिक्षा को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख, उस्मान शेख, आदि लोगों ने स्कूल खोले। महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को पढ़ाया। फिर उनकी पत्नी ने महिलाओं को पढ़ने के लिए स्कूल खोले। इस तरह सावित्रीबाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। ऐसे समय में समाज के लोगों का बहिष्कार झेलते हुए आम जनता से चंदा इकट्ठा करके ज्योतिबाराव फुले और उनके साथियों ने स्कूल खोले और आज उनके जन्म के 200 साल बाद स्थिति बहुत अलग है ।आज देश भर में लाखों सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। जिसमें मध्य प्रदेश के 94000 सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं। वहीं देवास जिले के 104 सरकारी स्कूलों को भी बंद करने का फरमान जारी किया हैं एक समय क्रांतिकारी, महान मनीषियों ने स्कूल खोलने के लिए, सबको शिक्षा मिल पाए इसके लिए आजीवन संघर्ष किया तब जाकर देश के शोषित पीड़ित दलित लोगों को शिक्षा मिल पाई, लेकिन आज शिक्षा को आम लोगों की पहुंच से दूर किया जा रहा है ।इसके खिलाफ हमें क्रांतिकारियों को मानते हुए लगातार आंदोलन संचालित करना होगा। स्कूल बचाओ आंदोलन में गांव-गांव,शहर-शहर में संघर्ष कमेटी का निर्माण किया जा रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस यादगार कमेटी देवास क्रांतिकारियों और महान मनीषियों के विचारों को छात्रों और आम जनों तक ले जाने का काम कर रहा है, ताकि क्रांतिकारियों और महान मनीषियों के जीवन संघर्ष से सीख लेकर स्कूल बचाओ आंदोलन को तेज कर पाए। इस अवसर पर ज्योतिबा राव फुले के विचार का एक कार्ड का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजुल श्रीवास्तव ने किया व आभार कमेटी के अध्यक्ष मोहन जोशी ने माना। इस अवसर पर कमेटी की सचिव वाणी जाधव, बाबूलाल , गणेश, ओम प्रकाश बांगड़े, कुशुम बांगड़े, फरीद कुरैशी, राजेंद्र मुकाती, गौरीशंकर प्रजापति, अनिल मंडलोई, अर्जुन, रोहित, विजय, विनोद प्रजापति, चेतन, मनोज, विकास, सुरेश अहिरवार, अमरसिंह आदि शामिल रहे।

# जल की बूंद बूंद सहेजने बनाए जा रहे खेत तालाब





**जल संरक्षण संवर्धन की दिशा में जल स्त्रोतों को श्रमदान के माध्यम से किया जा रहा स्वच्छ**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**

**अनूपपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा- निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के दिशा- निर्देशन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोतों के साफ- सफाई का कार्य किया जा रहा है। वहीं जल स्त्रोतों के मरम्मत तथा नवीन जल संरचनाओं के निर्माण संबंधी कार्य भी बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं जन भागीदारी से जल संचयन का संकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 9 मार्च से 3 जून 2026 तक आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विभाग वार कार्य योजना तैयार कर की जा रही है तथा उसी के अनुरूप जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे है। जल की बूंद बूंद को बचाने के लिए जिला प्रशासन सामूहिक सहभागिता की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

जिले के जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत खमरौध मे हितग्राही मनमती पनिका तथा ग्राम पंचायत गुलीडांड में हितग्राही रघुवर पाव पिता शंभू पाव के द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजना के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्र में वर्षा जल को सहने तथा जल संरक्षण की सभी जल संरचनाओं को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से स्वच्छ बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जलाशयों की सफाई छोटी नदियों तालाबों व अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य तथा वर्षा ऋतु में पौधारोपण के लिए अभी से पौधरोपण की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत उरतान में तालाब के साफ-सफाई का कार्य स्थानीय जनों द्वारा श्रमदान के माध्यम से कर अन्य जनों को जागरूकता संबंधी संदेश दिया गया।

# नारीशक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी का पूरा हकः सांसद हिमाद्री सिंह





**11-14 अप्रैल तक मुंबई - हैदराबाद महिला संसद मे होंगी शामिल**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व मे देश भर मे लागू होने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम वास्तव मे देश की आधी आबादी को पूरा हक देने वाला अधिनियम है। दशकों तक पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक नहीं दिया गया। लेकिन अब केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को उनका पूरा हक देने की प्रतिबद्धता पूरी की जा रही है।

शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह ने उपरोक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रधानमंत्री श्री मोदी का महिला सशक्तिकरण के लिये ऐतिहासिक कदम है। इससे देश मे नारी समाज को आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास मे कदम से कदम मिला कर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

सांसद श्रीमती सिंह 11 से 14 अप्रैल तक मुंबई और हैदराबाद में आयोजित होने वाले संसद की महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति की बैठक में शामिल होने के लिये मुंबई में हैं। मुंबई मे उन्होंने पेट्रोलियम कंपनियों,फर्टिलाइजर कंपनियों, बैंक,एलआईसी, सीएसआईआर और आईआईजी इत्यादि के साथ महिलाओं के अधिकारों, उनके समुचित प्रतिनिधित्व और लैंगिक उत्पीड़न पर चर्चा में हिस्सेदारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश मे लागू होने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लोकसभा, राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करने वाला ऐतिहासिक कानून है। यह नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिला आरक्षण लागू करने के लिये कटिबद्ध है।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री और सांसद के रुप मे हिमाद्री सिंह ने मुंबई और हैदराबाद मे 11 से 14 अप्रैल तक संसद की महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति के अन्य सदस्यों के साथ महिला सशक्तिकरण से जुडे विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण विचार साझा करेंगी। उनके द्वारा इन बैठकों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण से जुडे बिन्दुओं को आवाज प्रदान किया जा रहा है।

# चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय अमरकंटक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 117 मरीजों ने लिया लाभ





**अनूपपुर/अमरकंटक।** पवित्र तीर्थनगरी स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा संचालित चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रत्येक रविवार की भांति इस सप्ताह भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत दूर-दराज से आए जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई।

आश्रम प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रत्येक रविवार को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे क्षेत्र के गरीब एवं असहाय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सहज रूप से मिल सके। इस क्रम में आज आयोजित शिविर में कुल 117 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिन्हें चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मरीजों की शुगर (मधुमेह) एवं ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) की जांच भी निःशुल्क की गई, जिससे लोगों को अपने स्वास्थ्य की सही जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही, श्री कल्याण सेवा आश्रम की ओर से सभी मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे दूर-दराज से आए मरीजों को विशेष सुविधा प्राप्त हुई।

इस अवसर पर अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले प्रमुख चिकित्सक एवं सहयोगी इस प्रकार रहे–

डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. सुधीर धर, डॉ. शकुंतला लाहिड़ी, डॉ. एस. के. तिवारी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं फार्मासिस्ट आदर्श विश्वकर्मा द्वारा दवाइयों का वितरण किया गया।

सहयोगी टीम में राजेश कुमार तिवारी,सुखनंदन सिंह, ईश्वरी पंडराम,रामसनेही नापित, दीपक चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिविर को सफल बनाया।

श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा संचालित यह सेवा कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने एवं जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रकार के नियमित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए आश्रम प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अमरकंटक के रामघाट उत्तर तट स्थित शबरी माता मंदिर परिसर की श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**अनूपपुर/अमरकंटक।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देश अनुसार राज्य शासन की पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित वार्ड क्रमांक 10 स्थित रामघाट के उत्तर तट सबरी माता मंदिर के पास साफ- सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से आयोजित किया गया।

श्रमदान कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा नागरिकों की सहभागिता स्वच्छता श्रमदान में रही।

श्रमदान के माध्यम से घाट क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई का कार्य किया गया जिसमें कचरा हटाने जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए



नागरिकों को जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देने की अपील की गई।12 अप्रैल 2026/ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केदिशा-निर्देश अनुसार राज्य शासन की पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित वार्ड क्रमांक 10 स्थित रामघाट के उत्तर तट सबरी माता मंदिर के पास साफ- सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से आयोजित किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण तथा चैन सिंह परस्ते मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा नागरिकों की सहभागिता स्वच्छता श्रमदान में रही।

श्रमदान के माध्यम से घाट क्षेत्र में व्यापक साफ- सफाई का कार्य किया गया जिसमें कचरा हटाने जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों को जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

# अवैध रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**अनूपपुर।** बिजुरी पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम एवं एस.डी.ओ.पी.कोतमा नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 12/04/2026 को ग्राम बहैहाटोला में बैहाटोला केवई नदी घाट में घेराबंदी कर एक नीले सफेद रंग का स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर क्र. MP65 ZB 2679 के ट्रेक्टर से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर रेड कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक ओमप्रकाश साहू पिता दयाराम साहू निवासी कटकोना थाना बिजुरी जिला अनूपपुर के विरुद्ध अपराध क्र. 132/2026 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, का पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया जा रहा है । उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों की उल्लेखनीय भूमिका रही ।



# पोरसा पुलिस ने दबोचा शातिर चोर, माल मशरुका बरामद




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में घटित चोरी, नकबजनी एवं पशुधन चोरी की घटनाओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पतारसी, गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल-मशरूका की बरामदगी हेतु विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना पोरसा पुलिस द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी किये गये सोने-चांदी के आभूषण कीमती करीबन 3.55 लाख से अधिक के बरामद किये गये ।

दिनांक 09.04.26 को थाना पोरसा पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अप.क्र. 52/26 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस, अप. क. 53 / 26 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस एवं अप. क. 66 / 26 धारा 331 (4), 306ए बीएनएस के प्रकरणो में संदेही दिनेश पुत्र जगबहादुर शाक्य उम्र 46 साल निवासी संतोष नगर बीटीआई रोड भिण्ड को पकड़कर उससे हिकमतअमली से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त तीनों चोरी एवं नकबजनी के अपराध करना स्वीकार किया गया, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी किये गये सोने-चांदी के आभूषण कीमती करीबन 3.55 लाख से अधिक के बरामद किये गये। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

## ऋषव बंसल का SSC CGL की परीक्षा में चयन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष मोहन बंसल के सुपुत्र ऋषव बंसल का SSC CGL की परीक्षा में 2000 रैंक के साथ इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरडेंट पद पर चयन हुआ है। अपने चयन पर श्री बंसल ने अपने परिवारीजनों, गुरुजनों, इष्ट मित्रों का आभार व्यक्त किया है, वहीं इनके चयन पर अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित की है। उधर ऋषव की इस सफलता पर महासभा ने हार्दिक बधाई दी है।



# हत्या संबंधी मामले में फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी को पुलिस ने दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में घटित गंभीर अपराधों में वांछित आरोपियों, ईनामी / फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह श्री रवि सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा हत्या संबधी प्रकरण में लगभग 03 माह से फरार चल रहे 5 हजार के 01 ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



दिनांक 12.04.26 को थाना अम्बाह पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हाजा के अपराध क्रमांक 17 / 2026 चारा 103 (1), 238, 3 ( 5 ) बीएनएस में लगभग 03 माह से फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी आरोपी भूरा उर्फ दीपक सखवार को ग्यासीपुरा तिराहा मुरैना रोड़ अम्बाह से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त प्रकरण में फरार चल रहे अन्य 03 ईनामी आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में अन्य फरारशुदा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

## नगर आगमन पर कांग्रेसियों ने पाठक का किया स्वागत

**मुरैना/जौरा।** ग्वालियर से लोकसभा प्रत्याशी रहे एवं पूर्व कांग्रेसी विधायक प्रवीण पाठक का नगर आगमन पर कांग्रेसियों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। 10 अप्रैल की रात पूर्व विधायक प्रवीण पाठक मुरैना शहर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरीश पाठक के साथ जब जौरा पधारे तब उनका कांग्रेसियों ने डॉ. सुरेश शर्मा के निवास पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रवीण पाठक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरे देश में भाजपा की मनमानी नीतियों से जन-जन परेशान है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक और अधिक से अधिक पहुंचाएं। भविष्य में जब भी चुनाव होंगे जनता भाजपा की मनमानी नीतियों का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से यह भी आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर आगामी आमजनों से रूबरू संपर्क बनाएं। उनका यह भी कहना था कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही चुनाव में जीत हासिल होती है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमलेश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला, जेपी पाराशर एवं प्रमोद शर्मा, पवन कटारे, सुरेश शर्मा, ऋषि पाराशर, महेश शर्मा, ध्रुव जैन, प्रमोद सविता, निखिल गोयल, रोना गोयल, माताराम शर्मा, डीके प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# ट्रेक्टर मालिक पवन तोमर गिरफ्तार



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** थाना दिमनी के अपराध क्रमांक 62 / 2026 में वनकर्मियों द्वारा दिये गये बयानों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 12.04.26 को थाना दिमनी पुलिस द्वारा आरोपी पवन तोमर पुत्र मानसिंह निवासी बीलपुर कुथियाना थाना अम्बाह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे विस्तृत पूछताछ जारी है। उक्त प्रकरण में फरारशुदा आरोपी चालक की गिरफ्तारी हेतु 04 टीमों द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का ईनाम उद्घोषित किया गया है। उक्त आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बाबा साहब की 135वीं जयंती के पूर्व शहर के अंबेडकर पार्कों का महापौर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जाएगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** नगर निगम महापौर शारदा सोलंकी द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 135वीं जयंती के पूर्व शहर के अंबेडकर पार्कों का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया और पार्क में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रतिमा की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, पेड़ों की कटाई-छटाई आदि व्यवस्थाओं का महापौर द्वारा जायजा लिया गया। मौके पर महापौर में उद्यान प्रभारी रवि टैगोर को निर्देशित करते हुए कहा कि बाबा साहब की जयंती के पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर लें। 14 अप्रैल को महापौर शारदा सोलंकी द्वारा शहर के सभी अंबेडकर पार्क में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर नगर निगम की महापौर शारदा सोलंकी द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। महापौर द्वारा सिंगल बस्ती स्थित अंबेडकर पार्क, पीपरीपुरा पार्क, 5 बटालियन के सामने स्थित पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उद्यान प्रभारी रवि टैगोर, स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टैगोर सहित नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारीगण मौजूद रहे।



# जल है जीवन के लिए अमृतः बी.डी. शर्मा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सांकरा ने जिला समन्वयक सतीश सिंह तोमर, ब्लॉक समन्वयक बीडी शर्मा जी के मार्गदर्शन में सेक्टर एक जौरा में शीतल जल प्याऊ लगाई। जिससे रास्ते से निकलने वाले लोगों को भीषण गर्मी में पीने के लिए शीतल जल मिल सके। बी डी शर्मा जी ने कहा कि प्याऊ लगाना पुण्य का कार्य होता है गर्मी के मौसम में जगह-जगह समितियां के सहयोग से प्याऊ लगाना आवश्यक है क्योंकि जल जीवन के लिए अमृत है इसके अभाव में कोई भी जीव तड़प तड़प कर प्राण त्याग देता है। हमें जल के महत्व को समझना है जल बचाना है इसे व्यर्थ नहीं बहना है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानपुर पृथ्वी के सचिव अल्केश राठौर की सहभागिता रही। सहयोगी कमल किशोर त्यागी विनोद शर्मा जितेंद्र शर्मा श्री कुमार शर्मा रामवीर सिंह खरे अरविंद शर्मा कुलदीप शर्मा, सत्येंद्र धाकड़ अमित त्यागी सभी ने सहभागिता की।




# ईश्वर की भक्ति सेवा में पवित्रता चाहिए आडंबर नहीं: दयाराम दास जी महाराज

- बीआर इंडस्ट्री के संचालक श्री सुक्खा जी ने दिया 11000 रुपए का सेवा दान
- चित्रकूट सेवा में द्वितीय वर्ष में हुआ 3800 मरीजोंका उपचार, वानरों हेतु भोजन जल विश्राम एवं खेलने की व्यवस्था, प्रति अमावस्या हो रहा विशाल भंडारा

## परमार्थ शिविर में 256 मरीज और 46 सेवक हुए उपस्थित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** आज दिनांक 12 अप्रैल 2026 को मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई। इसके साथ ही 256 मरीजों ने अपना परीक्षण कराके उपचार कराया। विषय बार मरीजों की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 81 स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 78, नाक, कान, गला 35, सर्जरी 38, अस्थि रोग 47, नैत्र रोग 27, त्वचा 17 अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए-दांतों के सेट 0, ब्लड प्रेसर की जाँच 43, ई.सी.जी 01, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 24, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 17, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 30, एम्स में पंजीयन 01 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष में- दांत शल्य क्रिया 50, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायरिया का इलाज 24, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमें- आँखों की जाँच 15 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवकों ने सेवा की। डॉ. एस.के.शर्मा, डॉ. मुकुल सिंघल, डॉ. भानु सिंह, डॉ. राजेश सिकरवार, डॉ. दीपक बंसल, प्रदीप शर्मा, कस्तूरी, गुड्डी, गुड्डी राठौर, सलोनी, ममता, अंजलि, शीतल, राजश्री, अंगूरी, रामबाई, लक्ष्मी, प्रेमा, जनकश्री, नारायणी, श्यामवती, बबीता, आशा, माया, गोपिका, रमकलि, सरिता, मनीराम, मयूर अग्रवाल, रमेश बाउजी, दीपू, श्याम, होतम, अभिषेक, भगवान शर्मा, गौरव, पुरुषोत्तम, हाकिम, रामचरण, रामसिंह, गिरिराज, दौलतराम, पप्पू, रामवीर, प्रकाश, पवन, शिवम आदि ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं।




प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवायें परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया।

आज परमार्थ न्यास में जगतगुरु महामण्डलेश्वर श्री दयाराम दास जी महाराज पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि मुसलमान धर्म के अन्तिम पैगम्बर मुहम्मद साहब से बहुत पहले हजरत मूसा एक पैगम्बर हुए हैं। एक बार वे कहीं जा रहे थे। मार्ग में उन्होंने देखा कि एक गड़रिया एक पत्थर पर आँखें बन्द करके बैठा है और कह रहा है-'ए खुदा। अगर तू मेरे पास आ जाय तो मैं तेरी दाढ़ी में कंघी कर दूँ और तेरे सिर में तेल लगा दूँ।' हजरत मूसा उस गड़रिये के पास गये और डाँटकर बोले-'यह तू काफिरों के समान क्या कुफ्र बकता है। खुदा के कहीं शक्ल है और उसके क्या दाढ़ी और सिर है कि तू कंघी करेगा और तेल लगायेगा? यह तू कसूर कर रहा है।' गड़रिया घबरा गया। उसने हजरत मूसा के कदमों पर सिर रखकर माफी माँगी और बोला-'मैं तो बेवकूफ गड़रिया हूँ। हुजूर बता दें कि मैं खुदाका खयाल किस तरह करूं?' मूसा ने दो क्षण सोचकर कहा- 'आफताब (सूर्य) की रोशनीकी तरह खुदा रोशन है और उसका नूर सब कहीं फैला है। उसमें कोई शक्ल नहीं है।' गड़रियाको उपदेश देकर मूसा आगे बढ़े तो आकाशवाणी हुई 'मूसा ! तुम दुनियामें किसलिए भेजे गये हो?'

हजरत मूसा-'बन्दोंको खुदा में लगाने के लिए।'

आकाशवाणी-'मगर तुम तो ठीक उल्टा काम करने लगे। जो लोग मुझमें लगे हैं, उनको तुम मुझसे दूर करते हो! वह गड़रिया जो कुछ कर रहा था, वह गलत था तो तुमने जो खुदा को रोशनीकी तरह बताया, क्या वह ठीक है? क्या करोड़ों आफताबों की रोशनी मिलकर भी मेरा मुकाबला कर सकती हैं?'

मूसा 'नहीं मेरे मालिक! आफताबों की रोशनी भी आपकी कभी बराबरी नहीं कर सकती।'

आकाशवाणी-'जब तुम्हारा बतलाना भी गलत ही है तो उस गड़रिये को तुमने डाँटा क्यों? वह भले ही कुछ भी सोच रहा हो, लेकिन मेरे बारे में ही तो सोच रहा था। गुनाह वह नहीं कर रहा था, गुनाह तुमने किया है।' हजरत मूसा ने लौटकर उस गड़रियेसे क्षमा माँगी। इसलिए जिसका भगवान के जिस रूप से प्रेम हो, जिसकी भगवान के सम्बन्ध में जो मान्यता हो, उसे उसी के अनुसार चिन्तन करना चाहिए। मत्स्य, कच्छप, वाराह, नृसिंह आदि चाहे जिस रूपमें, साकार या निराकार-चाहे जैसा मानकर चिन्तन करो; किन्तु करो भगवान का ही।

आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

# महात्मा फुले सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष के प्रेरणा श्रोत

## बिस्मिल संस्थान ने समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** समाज में लंबे समय से जमी कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और नारी अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष की बात हो तो महात्मा ज्योतिबा फुले का नाम सबसे आगे आता है। उनका स्पष्ट संदेश था कि शिक्षा ही व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक उत्थान की सबसे मजबूत कुंजी है। महात्मा फुले सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष के प्रेरणा स्रोत है। युवा उनसे प्रेरणा लेकर देश व समाज को बुराइयों से मुक्त करने का संकल्प लें। यह बात शिक्षक संघ के निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने कही।

डॉ. सिकरवार बिस्मिल जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में पुरानी हाउसिंग बोर्ड स्थित संगठन कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर समाज के प्रबुद्ध नागरिक, शिक्षक एवं संस्थान के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, चिंतक और आदर्श शिक्षक के रूप में महात्मा फुले ने शिक्षित व समरस समाज के निर्माण का सपना देखा था। धार्मिक रूढ़िवादिता, छुआछत रहित समतामूलक समाज की स्थापना, जाति व वर्ग भेद मुक्त समाज का निर्माण सभी को शिक्षा के समान अवसर मिलने से संभव है।



### समतामूलक समाज का आधार शिक्षा और समानता

वक्ताओं ने कहा कि अशिक्षा ही हर अन्याय की जड़ है। इसलिए यदि समाज को पूरी तरह बदलना है, तो हर वर्ग को, हर जाति को और हर महिला को शिक्षा के समान अवसर देने होंगे। शिक्षा ही वह आधार है जिससे समाज में आर्थिक उन्नति, सामाजिक जागरूकता और नैतिक मजबूती आती है। कार्यक्रम में विमलेश कुमार यादव, डॉ. हरेंद्र सिंह तोमर, रघुराज परमार, रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, जगदीश शर्मा, सतंजय मिश्रा, जगमोहन सेमिल मौजूद रहे।

# बागी आत्मसमर्पण के 54 वर्ष पर 14 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर होगी विचार गोष्ठी





**मुरैना/जौरा।** बागी आत्म समर्पण के 54 वर्ष पर 14 अप्रैल को महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया है। 14 अप्रैल को बागी आत्मसमर्पण के आगे शांति निर्माण प्रक्रिया पर आयोजित होने वाली इस विचार गोष्ठी में प्रख्यात समाजवादी गांधीवादी अंबेडकरवादी चिंतक वरिष्ठ पत्रकार पूर्व आत्म समर्पित बागी और देश भर से अन्य प्रतिनिधि भाग लेंगे। महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक समर्पणकारी बागियों का स्वागत एवं सम्मान होगा। 11:30 बजे से 1:30 तक संगोष्ठी विषय अहिंसक समाज रचना की संभावना चंबल घाटी में और चंबल घाटी से आगे तक इस कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ताओं में पूर्व डीजीपी मध्य प्रदेश शासन सुश्री अनुराधा शंकर, संपादक सर्वोदय प्रेस सर्विस भोपाल राकेश दीवान, विख्यात पत्रकार नई दिल्ली भारत डोगरा, प्रदीप शर्मा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मनोज झा भागलपुर बिहार, सुश्री जिल कार हैरिस उपस्थित रहेंगे। 3:00 से 5:00 बजे तक स्व. एसएन सुब्बाराव की स्मृति व्याख्यान में वक्ता रघु ठाकुर विख्यात समाजवादी चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी जयंत तोमर भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



# जिला सीईओ ने देवरी में स्वयं संभाली कमान, चलाया ट्रैक्टर और किया श्रमदान



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** प्रदेश सरकार द्वारा 30 जून तक संचालित किए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गांव-गांव में जल स्रोतों के पुनर्जीवन हेतु व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव ने मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत देवरी में तालाब गहरीकरण एवं सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं श्रमदान करते हुए फावड़ा चलाया तथा ट्रैक्टर चलाकर सफाई कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। उनके इस प्रेरणादायक प्रयास से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# बिखरना या संवरना मनुष्य के हाथ में हैः राघव ऋषि

**ग्वालियर।** ऋषि सेवा समिति के तत्वावधान में जयेंद्रगंज स्थित नदीगेट समीपस्थ माधव मंगलम पैलेस में चल रही भागवत कथा के द्वितीय दिवस काशी निवासी अंर्तराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता श्रीविद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट पूज्य राघव ऋषि ने कहा कि माया को चाहने वाला बिखर जाता है और भगवान को चाहने वाला निखर जाता है। परीक्षित को श्राप हुआ अतः उसे भयमुक्त करने के लिए शुकदेव जी आते हैं। प्रभु मिलन की आतुरता के कारण ही सन्त मिलन होता है। जीव जब परमात्मा से मिलने के लिए आतुर होता है तो प्रभु कृपा से संत मिलते हैं। संसार में रहते रहते संतवृत्ति जागृत करनी चाहिए।




ऋषि जी ने कहा कि जन्म मृत्यु, जरा, व्याधि के दुखों का विचार करोगे तो वैराग्य उत्पन्न होगा और पाप छूटेंगे। निद्रा और विलास में रात्रि गुजर जाती है धन प्राप्ति व कुटुंब पालन में दिन गुजर जाते हैं। कपिल भगवान ने अपनी माता को उपदेश देते हुए कहा जो समय बीत गया उसका विचार मत करो वर्तमान को सुधारो ताकि भविष्य संवर सके। जो सोया रहता है वह लक्ष्य से भटक जाता है। जागे हुए को ही कन्हैया मिलता है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्र का नाम भरत के नाम से भारतवर्ष पड़ा। भरत जी जो भी कर्म करते थे कर्मफल परमात्मा को अर्पण करते थे। कर्मफल भगवान को अर्पण करने से अनन्त फल की प्राप्ति होती है। उन्हें युवावस्था में वैराग्य हुआ व राज्य छोड़कर वन में जाकर भगवान की सेवा करने लगे। मानसी सेवा श्रेष्ठ कही गई है। जिससे अंतः करण शुद्ध होता है। अधिकतर पाप शरीर से नहीं, मन से होता है। सत्संग महिमा पर बोलते हुए ऋषि जी ने कहा कि मनुष्य सत्संग में जितना समय बिताता है उतना ही सही अर्थ में जिया है। पोथीपूजन एवं व्यासपूजन अम्बरीश गुप्ता, उदय प्रताप चितौड़िया, अमित शिवहरे द्वारा सपत्नीक किया गया। कथा झांकी पूजन मुख्य यजमान श्रीमती चन्द्रकान्ता एवं शिवराम अग्रवाल द्वारा किया गया। समिति के आनन्द मोहन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय शर्मा, उमेश उप्पल, प्रमोद गर्ग, रामबाबू अग्रवाल, देवेन्द्र तिवारी, हरिओम मिश्र, रामसिंह तोमर, रामप्रसाद शाक्य, मनीष गोयल, मनीष अग्रवाल, अनिल पुनियानी आदि अनेक भक्तों ने प्रभु की आरती की। सोमवार की कथा में जडभरत प्रसंग, नृसिंह अवतार एवं प्रहलाद चरित्र का भावपूर्ण प्रसंग होगा।

# गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिएः कलेक्टर

**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल प्रबंधन के लिये पुख्ता प्रबंधन किए जाएं। शहर के किसी भी वार्ड में गर्मी के मौसम में नागरिको को पेयजल की समस्या न आए। इसके साथ ही नाला सफाई के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ किया जाए ताकि बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति न हो। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को बाल भवन सभागार में पेयजल प्रबंधन, सीवर संधारण एवं वायु सुधार कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।



बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी हैंडपंपों और ट्यूबवेलों में क्लोरीनेशन का काम कराया जाए। इसके साथ ही पानी की सेम्पलिंग का कार्य भी अभियान चलाकर 7 दिन में किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शहर में कहीं पर भी बोर खुला नहीं पाया जाना चाहिए। इसके साथ ही शहर में स्थापित सभी हैंडपंपों के संधारण का कार्य भी अभियान चलाकर किया जाए। गर्मी के मौसम में कोई भी हैंडपंप बंद नहीं रहना चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल वितरण में समस्या है, उन क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बोर कराने का कार्य भी किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन क्षेत्रों में बोर कराया जाए वहां पर 5 हजार लीटर क्षमता की टंकी भी अवश्य रखवाई जाए। बहुत आवश्यक होने पर ही टैंकर के माध्यम से पानी की उपलब्धता कराई जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी का जो स्तर नीचे जाता है उन स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। इसके साथ ही हैंडपंपों और पानी के बोरों के आसपास प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को भी प्राथमकता से किया जाए ताकि गंदे पानी की कोई शिकायत न रहे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहरी क्षेत्र में वायु सुधार कार्यक्रम के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शहर में वायु सुधार के लिये आवश्यक सभी प्रबंधन करने के निर्देश दिए। वायु सुधार कार्यक्रम के लिये निगम के माध्यम से 20 करोड़ रुपए का प्रावधान था, जिसके विरूद्ध 9 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक के काम किए गए हैं। शेष राशि के कार्य भी हाथ में लिए गए हैं। बैठक में निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वायु सुधार के लिये फॉकर वाहन की आवश्यकता बताने के साथ ही कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव के संबंध में भी जानकारी दी। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों के डिवाइडर पर बड़े पेड़ लगाने और साइंस कॉलेज, चेतकपुरी, एयरपोर्ट रोड आदि पर धूल न उड़े, इसके लिये निगम के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम प्रतीक राव, अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीसी सड़कों का लोकार्पण एवं दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण आज




ग्वालियर। शहर के वार्ड 55 में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में सोमवार 13 अप्रैल को सायं 5.30 बजे लियाकत चाचा के घर के पास, खजांची बाबा दरगाह पर अनेक सीसी सड़कों का लोकार्पण एवं दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति मनोज तोमर द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी एवं मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंझवार मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

# समाजसेवी मनोज कुमार शिवहरे कांग्रेस में शामिल

**ग्वालियर।** कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद मनोज कुमार शिवहरे ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शहर अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर विधिवत पार्टी में शामिल कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, युवा और आमजन की आवाज रही है। आज भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है और लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। मनोज कुमार शिवहरे जैसे जमीनी कार्यकर्ता के कांग्रेस परिवार में आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में अरूण केन, जेएच जाफरी, राजीव शर्मा, भूपेन्द्र मिक्की तोमर, रामबाबू श्रीवास, संजीव दीक्षित, श्याम गौतम, अभिषेक पाल, राकेश बाथम, दिलीप पाल आदि उपस्थित थे।



# 25 अप्रैल तक मनेगा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा, गतिविधिवार बनाया कैलेण्डर

**ग्वालियर ।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य शासन द्वारा 10 से 25 अप्रैल तक प्रदेशव्यापी नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। जिले में भी ÷नारी शक्ति वंदन उत्सव÷ के रूप में यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियमष् के प्रावधानों से आम जनता को अवगत कराने के प्रयास होंगे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जन-उत्सव के रूप में इस पखवाड़ा के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की गतिविधियों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये कैलेण्डर बनाया गया है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती होगा। इस दिन जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 17 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर नारी शक्ति पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएँ सहभागिता करेंगी। 16 अप्रैल को शहरी क्षेत्र में नगर निगम ग्वालियर व जिले की सभी नगर पालिका व नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत स्तर पर नारी शक्ति वंदन के संबंध में संगोष्ठी एवं सेमीनार आयोजित होंगे। नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत 21 अप्रैल को जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित होगी। जिसमें सामाजिक, धार्मिक, औद्योगिक, व्यापारिक व सहकारी संगठन सहभागिता करेंगे।

# कायस्थ वैवाहिक परिचय मंच का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**ग्वालियर।** कायस्थ वैवाहिक परिचय मंच द्वारा 63वाँ युवक युवती परिचय सम्मेलन भगवान चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर दौलतगंज में संपन्न हुआ। परिचय सम्मेलन में लगभग 40 - 50 युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया। साथ ही साथ युवकों ने घरेलू युवतियों एवं नौकरी वाली युवतियों से शादी करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीडीए के पूर्व अध्यक्ष अभय चौधरी रहे। संस्था के सचिव अरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की पूजा आरती कर विधि विधान से हुआ। कार्यक्रम में भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, सबलगढ़, मेहगांव, जालौन, डबरा, दतिया आदि स्थानों से युवक युवतियां अपने परिवार सहित पधारे और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में आकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्र खरे, श्याम श्रीवास्तव, केपी श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अवध नारायण श्रीवास्तव, चंचल श्रीवास्तव, नम्रता सक्सेना, वर्षा श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।



# विप्रा संगिनियों में वैसाखी का उल्लास, नई टीम बनी

**– परंपरागत वेशभूषा में नजर आई, खेला मालामाल गेम**

ग्वालियर। विप्रा ब्राह्मण महिला मंच के तत्वावधान में शनिवार को निजी होटल में प्री बैसाखी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विप्रा संगिनियां परंपरागत वेशभूषा से सतरंगी रंग नजर आ रहीं थीं। रंग दे बसंती चोला पर... उन्होंने भांगड़ा किया। इसके साथ ही मंजू शर्मा, मुनमुन शुक्ला और सपना पाराशर ने आज फिर किथे चली, मोरनी बनके पर नृत्य प्रस्तुत किया।

उत्सव के बीच मंच की संस्थापिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी की सहमति से नई टीम का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. शिवानी चतुर्वेदी को अध्यक्ष, डॉ. शैलजा मिश्रा उपाध्यक्ष, डॉ. राजरानी शर्मा सचिव, पल्लवी शर्मा सह सचिव, ज्योति शर्मा कोषाध्यक्ष, दीप्ति शर्मा सह कोषाध्यक्ष एवं नीतू उपमन्यु को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके बाद विभा शुक्ला एवं रंजना गर्ग ने मालामाल गेम खिलाया। वहीं रीमा ने रेसिन आर्ट तो डॉ. शैलजा मिश्रा ने वैसाखी पर्व की जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा कि वैसाखी पर्व हमारे खेत-खलिहान से शुरु होकर घर-घर तक पहुंचता है। इस सांस्कृतिक पर्व ने आजादी की आग लोगों के दिलों में जलाई थी। मुगलों के आक्रमण के समय सिख गुरुओं ने ही उनका साहस का सामना किया था। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिये बलिदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। बोले सो निहाल, वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फ्तेह से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। ढोल-ताशों की थाम ने नया जोश भर दिया। कार्यक्रम में रंजना गर्ग, दीप्ति शर्मा, डॉ. शैलजा मिश्रा, आभा शर्मा, अर्चना शर्मा, नीतू उपमन्यु, किरण मिश्रा, भारती शर्मा, कल्पना पाठक, संगीता शर्मा, श्रुति उपाध्याय, विभा शुक्ला, सपना पाराशर, रश्मि त्रिपाठी, रंजना शर्मा, सुमन शर्मा, साक्षी शर्मा, गीता शर्मा, कृष्णा विश्वास शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रजनी शर्मा, मुनमुन शुक्ला, मंजू शर्मा, भावना चतुर्वेदी, रीमा आदि विप्रा संगिनियां उपस्थित थीं।



# जिला माहेश्वरी सभा की बैठक सम्पन्न पदाधिकारियों के नामों की घोषणा





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** जिला माहेश्वरी सभा मुरैना की 31वें सत्र हेतु पदाधिकारी गठन प्रक्रिया आपसी सामंजस्य व समन्वय के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला सभा के पर्यवेक्षक के रूप में पधारे श्री नवीन डागा (ग्वालियर) की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य आशुतोष माहेश्वरी, संजय माहेश्वरी एवं राजेश राठी की गरिमामयी उपस्थिति से चुनावी बैठक को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। बैठक में आपसी सहमति एवं समन्वय के साथ पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें अजय माहेश्वरी को जिला सभा का अध्यक्ष एवं मितेश माहेश्वरी को जिला सभा का सचिव घोषित किया गया। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। साथ ही निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट रामकुमार माहेश्वरी एवं पर्यवेक्षक नवीन डागा के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने माहेश्वरी समाज की सेवा, त्याग एवं सदाचार की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज का प्रत्येक कार्यकर्ता इन मूल्यों को आत्मसात कर संगठन को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय माहेश्वरी जी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि वे अपनी टीम के साथ समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे।

इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपने विचार रखते हुए कहा गया कि संगठन में वही व्यक्ति पदाधिकारी बने, जो एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में समाज सेवा में सक्रिय रहा हो। उन्होंने आगे कहा कि जो भी सदस्य आगे आना चाहते हैं उनका स्वागत है, किंतु पद ग्रहण करने से पूर्व आत्ममंथन आवश्यक है कि उन्होंने संगठन के विकास में अपना योगदान किस रूप में दिया है।

महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य संजय माहेश्वरी जी एवं जिला सभा के अध्यक्ष डॉ. अवनीश जी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए एवं संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

अंत में आपसी सौहार्द, सेवा भावना एवं समन्वय के साथ जिला सभा के गठन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी सत्र हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

कार्यक्रम के समापन पर जिला सभा के सचिव अशोक कोठारी द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा समन्वयपूर्ण रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त जानकारी अतुल माहेश्वरी मुरैना ने दी।

# नियाज, अभिषेक, चादरपोशी के साथ राजा बाक्षर का शताब्दी उर्स प्रारंभ

**ग्वालियर।** हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक एवं सद्भाव का संगम बाबा राजा बाक्षर का 11 दिवसीय शताब्दी उर्स समारोह आज सुबह नियाज, अभिषेक, आरती एवं चादरपोसी के साथ प्रारंभ हुआ दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर के गद्दी नशीन तरुण सूर्यवंशी ने बताया कि सुबह 6 बजे न्याज अता की गई। सुबह 7 बजे बाबा का अभिषेक किया गया। सुबह 9 बजे आरती की गई। दोपहर 2 बजे फिर से न्याज और फकीरों के लंगर का आयोजन किया गया। रात 8 बजे चादर पोसी की रस्म अदा की जाएगी। उसके बाद रात 9 बजे महा आरती होगी। रात्रि बजे से मशहूर कव्वाल युसूफनियाजी और सलमान अजमेरी की कव्वाली का आयोजन किया गया, जिसमें सेकंडों लोगों ने शिरकत की। सूर्यवंशी ने बताया कि 13 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ होगा। यह कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर के मंदिर पर समाप्त होगी। वहीं कथावाचक हरिओम महाराज द्वारा भागवत कथा का श्रोताओं को रसपान कराया जाएगा।



# कायस्थ वैवाहिक परिचय मंच का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**ग्वालियर।** कायस्थ वैवाहिक परिचय मंच द्वारा 63वाँ युवक युवती परिचय सम्मेलन भगवान चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर दौलतगंज में संपन्न हुआ। परिचय सम्मेलन में लगभग 40 - 50 युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया। साथ ही साथ युवकों ने घरेलू युवतियों एवं नौकरी वाली युवतियों से शादी करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीडीए के पूर्व अध्यक्ष अभय चौधरी रहे। संस्था के सचिव अरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की पूजा आरती कर विधि विधान से हुआ। कार्यक्रम में भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, सबलगढ़, मेहगांव, जालौन, डबरा, दतिया आदि स्थानों से युवक युवतियां अपने परिवार सहित पधारे और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में आकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्र खरे, श्याम श्रीवास्तव, केपी श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अवध नारायण श्रीवास्तव, चंचल श्रीवास्तव, नम्रता सक्सेना, वर्षा श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।



स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।